(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

अपनी पहली ही मूवी से ...8



गुरुवार, 17 फरवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 59 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# पठानकोट में पीएम मोदी ने संत रविदास का सुनाया दोहा, बोले- पुलवामा हमले पर कांग्रेस ने की पापलीता



पठानकोट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पठानकोट में बुधवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गुरु रामदास जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज संत रविदास जी की भी जयंती है। यहां आने से पहले मैं दिल्ली में गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर जाकर आया हूं। आशीर्वाद लेकर आया हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि काशी में संत रविदास मंदिर परिसर में हमने बहुत बड़ा भव्य लंगर हॉल श्रद्धालुओं को अर्पित किया। मैं आप सभी को और बनारस गए श्रद्धालुओं को भी संत रविदास जयंती की अनेक–अनेक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा ऐसा सौभाग्य है कि मंच पर आते वक्त वाल्मिकी समाज के सभी लोगों ने पवित्र माला पहनाकर मुझे आशीर्वाद दिया। ऐसे में मैं वाल्मिकी समाज के सभी लोगों को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का एक दोहा है– ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न। छोट–बड़ो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न। मतलब मैं एक ऐसा राजा चाहता हूं जिसके राज में सभी को अन्न मिले, हर कोई एक समान होकर रहे, जब ऐसा होगा तो स्वाभाविक रूप से रविदास जी प्रसन्न होंगे ही। प्रधानमंत्री ने कोरोना काल का किया जिक्रः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के बड़े–बड़े देशों में आज कोरोना की वजह से गरीब को हर तरह की दिक्कतें आ रही हैं, खाने–पीने की समस्या हो रही है। लेकिन इसी संकट काल में भारत करोड़ों देशवासियों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करा रहा है। पंजाब के भी लाखों गरीबों को दो साल से मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। मुफ्त में मुहैया कराई वैक्सीनः उन्होंने कहा कि कोरोना की वैक्सीन भी हमारी सरकार ने मुफ्त मुहैया कराई। गांव–गांव जाकर देशवासियों का जीवन बचाने के लिए रात–दिन काम किया और दुनिया में जो नहीं कर पाएं, वो काम हमने करके दिखाया। करीब–करीब 95: से ज्यादा पहला डोज सबको तो लग ही चुका है और दूसरा डोज भी करीब–बरीब सबको लगने की दिशा में तेज गति से काम हो रहा है। वैक्सीन से देश वासियों को कोरोना से लड़ने के लिए बहुत बड़ा सुरक्षा कवच मिला है। उन्होंने कह कि पठानकोट में अभी मैंने कई परिवारों को अभिनंदन किया। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में कई बार मैं यहां टू–व्हीलर से आता था, कभी ट्रेन से आता था। कभी जम्मू से दिल्ली आता था, तो पठानकोट के कई परिवार मेरे लिए खाना लेकर आते थे। ऐसा महत्वपूर्ण समय मैंने आप लोगों के बीच बिताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता जब भाजपा को मौका देती है, फिर न जनता हमारा साथ छोड़ती है, न हम जनता की सेवा का काम छोड़ते हैं। विकास का जो सिलसिला भाजपा की सरकार में शुरु होता है, फिर जनता भी ऐसा साथ देती है कि विकास का काम रुकता नहीं है। पुलवामा हमले का किया जिक्रः कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने पंजाब और देश की शान के खिलाफ क्या–क्या कृत्य नहीं किए, इसी पठानकोट पर जब पाकिस्तानी आतंकियों ने हमला किया था तब देश उस संवेदनशील मौके पर एकजुट था। लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता क्या कर रहे थे? इन्होंने सेना के शौर्य पर सवाल उठाए या नहीं उठाए? इन्होंने शहीदों की शहादत पर कीचड़ उछाला या नहीं उछाला? और पुलवामा हमले की बरसी पर भी कांग्रेस के लोग बाज नहीं आ रहे हैं। वो हमारी सेना की बहादुरी का फिर से सबूत मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलवामा हमले की बरसी पर भी कांग्रेस के लोग अपनी पाप–लीला को बंद नहीं कर पाए। वो हमारी सेना की बहादुरी का फिर से सबूत मांग रहे हैं। मैं वीर जवानों और पूर्व सैनिकों का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुंहतोड़ जवाब देकर कांग्रेस के मुंह पर ताला लगा दिया है।

## अजित डोभाल के दिल्ली स्थित आवास में घुसने का प्रयास करने पर व्यक्तिगिरफ्तार



नयी दिल्ली। सुरक्षा एजेंसियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के आवास में घुसने का प्रयास करने के आरोप में बेंगलुरु निवासी एक व्यक्ति को बुधवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, लाल रंग की एक एसयूवी चला रहे व्यक्ति ने मध्य दिल्ली स्थित डोभाल के उच्च सुरक्षा वाले आवास के द्वार में जबरन घुसने का प्रयास किया। कार को प्रवेश द्वार के बाहर रोक दिया गया और व्यक्ति को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ)ने पकड़ लिया। एनएसए को सीआईएसएफ कमांडो की उच्च श्रेणी की जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है। घटना के समय डोभाल अपने घर में मौजूद थे। व्यक्ति को बाद में पुलिस को सौंप दिया गया। सूत्रों ने बताया कि कि आरोपी की पहचान बेंगलुरु निवासी शांतनु रेड्डी के रूप में की गई है और उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं लग रहा। अधिकारियों ने कहा कि कार नोएडा से किराए पर ली गई थी। अधिकारी ने कहा, "एक व्यक्ति ने बुधवार को एनएसए के घर में घुसने का प्रयास किया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे रोका। जब उससे सवाल पूछे गए तो वह जवाब देने की स्थिति में नहीं था। वह मानसिक तौर पर अस्वस्थ है।

## अमित शाह ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की और कहा कि पुलिस को अगले पांच साल और 25 साल के लिए एक रोडमैप तैयार करना चाहिए। शाह बुधवार को दिल्ली पुलिस के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "दिल्ली पुलिस ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों और कोरोना वायरस महामारी के दौरान कठिन परिश्रम किया। जिस प्रकार दिल्ली पुलिस ने दंगों की जांच की और अदालत में पेश किया उसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं।" केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि दिल्ली पुलिस के सामने कई चुनौतियां हैं और राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस होने के नाते उसके पास गणमान्य लोगों को सुरक्षा देने समेत कई दायित्व हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस के सामने कई कार्यक्रमों को बिना किसी समस्या के पूरा कराने और कानून व्यवस्था से संबंधित अन्य मामलों का भी दायित्व होता है। शाह ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब भी कोई घटना होती है तो उसका असर दिल्ली पर भी पड़ता है। पुलिस के पास यहां स्थिति पर निगरानी रखने का भी काम होता है।" शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस का 75वें स्थापना दिवस ऐसे समय पर मनाया जा रहा है जब आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, "दिल्ली पुलिस ने समय के साथ बदलाव किया है। मैं दिल्ली पुलिस आयुक्त और केंद्रीय गृह सचिव से आग्रह करता हूं कि वे लक्ष्य निर्धारित कर अगले पांच साल और 25 साल का रोडमैप तैयार करें।" गृह मंत्री ने कोविड महामारी के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बल ने आतंकी हमलों के प्रयासों को भी नाकाम किया है।

## मायावती बोलीं- सपा सरकार ने संत रविदास नगर जिले का नाम बदला, भाजपा सरकार ने भी नहीं किया बहाल



लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश–दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयायियों को बधाई दी। मायावती ने राज्य में बसपा की पूर्व सरकार के कार्यकाल में संत रविदास के सम्मान में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदास नगर रखा था, लेकिन समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्व सरकार ने जातिवादी एवं राजनीतिक द्वेष के कारण यह नाम बदल दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मौजूदा सरकार ने भी उसे बहाल नहीं किया। बसपा मुख्यालय से जारी बयान के अनुसार, मायावती ने संत गुरु रविदास को नमन करते हुए कहा, महान संत गुरु के आदर–सम्मान में एवं उनकी स्ध्मृति को बनाये रखने के लिए बसपा की (पूर्व) सरकार द्वारा उत्ध्तर प्रदेश में जो अनेकों कार्य किये गये, उनमें भदोही जिले का नाम बदलकर उसे संत रविदास नगर किया जाना शामिल था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तो रविदास जयंती के दिन होने वाली छुट्टी को भी कैलेंडर से हटा दिया है, जो अति दुखद है। मायावती ने संत रविदास की जन्ध्म स्ध्थली सीर गोवर्धन में नेताओं के मत्था टेकने पर तंज कसते हुए कहा कि संत गुरु रविदास एवं उनके उपदेशों की हमेशा अनदेखी एवं उपेक्षा करने वाले नेता वोट पाने के स्वार्थ की खातिर उन्हें मत्था टेकते हैं, लेकिन वे उनका उपदेश मानकर गरीबों का भला नहीं करते। बसपा प्रमुख ने कहा कि जो लोग केवल वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में माहिर हैं, उनसे बहुत सावधान रहने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्ध्यमंत्री योगी आदित्ध्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी समेत कई नेताओं ने वाराणसी के सीर गोवर्धन में संत रविदास की जन्ध्म स्ध्थली पर पहुंचकर मत्ध्था टेका।

## मतदाताओं को 'धमकी देने' को लेकर भाजपा विधायक राजा सिंह को ईसी ने दिया नोटिस



नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए कथित तौर पर धमकाने को लेकर पार्टी के नेता टी राजा सिंह को नोटिस जारी किया है। आयोग ने उनसे कहा है कि वह 24 घंटे के भीतर जवाब दें। नोटिस में कहा गया है कि तेलंगाना में भाजपा के विधायक सिंह ने चुनाव आचार संहिता, भारतीय दंड संहिता और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन किया है। आयोग ने राजा सिंह को नोटिस जारी करते हुए उस वीडियो का हवाला दिया जिसमें उन्होंने मतदाताओं को कथित तौर पर धमकी दी है।

## प्रयागराज में माघी पूर्णिमा पर 4.50 लाख लोगों ने किया गंगा स्नान



प्रयागराज (उप्र)। संगम नगरी प्रयागराज में माघ मेले के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक लगभग 4.50 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भोर से ही श्रद्धालुओं का संगम क्षेत्र में आना जारी है और पूर्वाह्न 11 बजे तक करीब 4.50 लाख लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं। माघी पूर्णिमा स्नान के साथ कल्पवासियों का एक माह का कल्पवास (संगम के तट पर रहकर वेदाध्ययन और ध्यान एवं पूजा करना) बुधवार को पूरा हो गया और उन्होंने मेला क्षेत्र से अपने घरों के लिए प्रस्थान शुरू कर दिया है। माघी पूर्णिमा का मुहूर्त रात्रि 10रू25 बजे तक है और लोगों के देर शाम तक गंगा स्नान करने की संभावना है। माघ मेला क्षेत्र में शिविर के आयोजक पंडित प्रभात पांडेय ने बताया कि माघ मास की पूर्णिमा को धर्म ग्रंथों में माघी पूर्णिमा कहा गया है और इस दिन गंगा स्नान कर विष्णु भगवान की पूजा करने और इसके पश्चात पितरों का श्राद्ध करने का विधान है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर माघ मेला क्षेत्र में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। लगभग 5,000 पुलिसकर्मियों को यहां तैनात किया गया है और 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आग के खतरों से निपटने के लिए दमकल की कई गाड़ियां और लोगों को पानी में डूबने से बचाने के लिए 108 गोताखोरों की टीम तैनात की गई हैं। इसके अलावा एकीकृत कमान नियंत्रण केंद्र से भीड़ पर नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि माघ मास समाप्त होने के बाद कल्पवासियों की सुगम एवं सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए 15 फरवरी की रात्रि 12 बजे से 17 फरवरी को रात्रि 10 बजे तक संगम क्षेत्र में प्रशासनिक एवं एंबुलेंस को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है।

## आने वाले दिनों में उत्तर बंगाल में ऐसा विकास होगा जैसा पहले कभी नहीं हुआरू ममता बनर्जी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि आने वाले दिनों में पूरे उत्तर बंगाल में ऐसा विकास होगा जो पहले देखने को नहीं मिला। उन्होंने क्षेत्र के लिए अपनी सरकार द्वारा बनाई गई कुछ योजनाओं का जिक्र करते हुए यह कहा। कूच बिहार में स्थानीय नायक चीला रॉय की 512वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तर बंगाल के छह जिलों में राजवंशी, गोरखा, लेपचा, भूटिया और अन्य समुदायों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, "हम सभी छह जिलों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। हमारे ऊपर विश्वास कीजिये, भरोसा रखिये। हमें गलत मत समझिये और देखिएगा कि उत्तर बंगाल में कैसा विकास होता है। इस क्षेत्र में ऐसा विकास होगा जैसा पहले कभी नहीं हुआ।"




## करहल में एसपी बघेल के काफिले पर हमला, भाजपा ने सपा पर उठाए सवाल, अनुराग ठाकुर ने EC से की शिकायत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। इन सबके बीच उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के करहल विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरे केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने अपने काफिले पर हमले का आरोप लगाया है। एसपी सिंह बघेल ने दावा किया है कि लाठी–डंडों से लैस लोगों ने काफिले पर हमला कर दिया। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। करीब 7रू00 बजे एसपी बघेल के काफिले पर खेतों के अंदर से लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। फिर काफिले को घेरकर गाड़ियों पर लाठी–डंडों और सरियों की बरसात की गई। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी करहल व थाना प्रभारी करहल मौके पर गये व तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मंत्री सकुशल हैं और कानून–व्यवस्था सामान्ध्य है। इसके बघेल ने खुद मैनपुरी के एसपी को इस हमले की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि पुलिस के पहुंचने के साथ ही हमलावर भाग गए। फिलहाल पुलिस इलाके में दबिश दे रही है। दूसरी और भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बना लिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज इस को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत भी की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से मांग की है कि सपा के गुंडों और कार्यकर्ताओं के खध्लिाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। चुनाव के दिन हर पोलिंग बूथ पर ब्ब्ज्ट कैमरा हों। चुनाव से एक दिन पहले फ्लैग मार्च किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले मैनपुरी और इटावा के जो ऐसे गुंडे और अपराधी हैं उनके खध्लिाफ पुलिस कार्रवाई करें ताकि वे चुनाव को खराब ना कर सकें। ज्यादा से ज्यादा अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती हो ताकि चुनाव निष्पक्ष हो।

भाजपा का सपा पर हमलाः उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसके लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को जिम्मेदार ठहराते हुए दावा किया कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर आरोप लगाया, "मैनपुरी के करहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल के काफिले पर सपाई गुंडों ने हमला कर असली चरित्र दिखाया है।" उन्होंने कहा, "कल ही भाजपा सांसद गीता शाक्य पर भी हमला किया गया था, दोनों घटनाओं के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।" मौर्य ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, "अखिलेश यादव जी चुनाव में हार के डर से अपने पालतू गुंडों के द्वारा भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और भाजपा नेताओं पर हमला करवाते हो, आपने हमला नहीं, अपनी पराजय सुनिश्चित की है, क्या यही नई सपा है जो आपके खिलाफ चुनाव लड़े, उस पर हमला कराओगे!" भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भी ट्वीट कर कहा, "करहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल जी के काफिले पर हमला यह दर्शाता है कि वहां से सपा के प्रत्याशी अखिलेश यादव हार की कगार पर खड़े हैं।" गौरतलब है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव करहल विधानसभा क्षेत्र से सपा के उम्मीदवार हैं। करहल में तीसरे चरण में 20 फरवरी को मतदान होगा।

# सीआरपीएफ जवानों की निगहबानी में रहेंगे सभी मतदान केन्द्र

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 आसन्न विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस व्यवस्था की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में नियुक्त प्रेक्षकों ने कलेक्ट्रेट सभागार जिलाधिकार डॉ. दिनेश चन्द्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञानंजय सिंह सहित व ग्रामीण के अशोक कुमार, रिटर्निंग आफिसर्स व पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान पुलिस नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि जनपद में 01 बूथ वाले 465, 02 बूथ वाले 566, 03 बूथ वाले 225, 04 बूथ वाले 86, 05 बूथ वाले 30, 06 बूथ वाले 11, 07 बूथ वाले 04, 08 बूथ वाले 03 तथा 09 व 10 बूथ वाले 01–01 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि 03 से 05 बूथ वाले मतदान केन्द्रों 01–01 तथा 06 से 10 बूथों वाले मतदान केन्द्रों पर 02–02 निरीक्षकध्उप निरीक्षक, 01 बूथ वाले मतदान केन्द्र पर 02, 02 से 03 वाले मतदान केन्द्र पर 03–03, 04 से 10 बूथ संख्या वाले मतदान केन्द्रों पर क्रमशः क्रमशः 04 से 10 तक हेड कान्स्टेबलध् कान्स्टेबल, 01 से 10 बूथ संख्या वाले मतदान केन्द्रों पर 02–02 सशस्त्र पुलिस बल, 02 से 03 बूथ संख्या वाले बूथों पर 01–01, 04 से 10 बूथों वाले मतदान केन्द्रों पर क्रमशः 02, 03, 04, 05, 06, 07 व 08 सिविल पुलिस की तैनाती की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक श्री कुमार ने बताया कि 01 बूथ वाले मतदान केन्द्रों 02, 02 वाले पर 03, 04 वाले पर 05, 04 वाले पर 07, 05 वाले पर 08, 06 वाले पर 10, 07 वालों पर 12, 08 वाले पर 14, 09 वाले पर 16 तथा 10 बूथ संख्या वाले मतदान केन्द्रों पर 18 होमगार्ड्स तैनात किये जा रहे हैं। जबकि 01 से 04 बूथ संख्या वाले मतदान केन्द्रों पर हाफ सेक्शन, 05 से 07 बूथों वाले केन्द्रो पर 01 सेक्शन तथा 08 से 10 बूथों वाले मतदान केन्द्रों पर डेढ सेक्शन सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की जा रही है। श्री कुमार ने बताया कि जनपद में अवस्थित समस्त 1392 मतदान केन्द्रों पर 381 निरीक्षकध्उप निरीक्षक, 3924 मु.आरक्षीध्आरक्षी, 2784 सशस्त्र व 1150 सिविल पुलिस, 4829 होमगार्ड्स तथा 723.5 सेक्शन 7235 सीआरपीएफ जवानों की तैनाती की जा रही है।

श्री कुमार ने बताया कि पुलिस स्टेशन मोबाइल, त्वरित रिस्पांस दल, प्रत्याशियों की सुरक्षा, डीएम, एसएसपी, एडीएम, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस सेक्टर आफिसर मोबाइल, प्रेक्षक सुरक्षा, अन्तर्राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सीमा, अन्तर जनपदीय सीमा, बैरियर, स्टैटिक सर्विलांस, फ्लाईंग स्क्वायड, डिस्ट्रिक्ट स्ट्राईक टीम, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा, जोनल पुलिस मोबाइल में आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा बलो की तैनाती की जा रही है। इसके अलावा पुलिस स्टेशनों पर भी रिजर्व पुलिस बल मौजूद रहेगा। श्री कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था में513 निरीक्षकध्उप निरीक्षक, 2577 मु.आरक्षीध्आरक्षी, 1204 सशस्त्र व 1373 सिविल पुलिस, 304 होमगार्ड्स, 13 सेक्शन पी.ए.सी. तथा 50.5 सेक्शन सी.आर.पी.एफ. के जवान तैनात किये जा रहे हैं। पुलिस नोडल अधिकारी श्री कुमार ने बताया कि इसके अतिरिक्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 267–रामनगर बारांबकी के 03 बूथ संख्या वाले 01 मतदान केन्द्र पर 01 निरीक्षकध्उप निरीक्षक, 03 मु. आरक्षीध्आरक्षी, 02 सशस्त्र व 01 सिविल पुलिस, 05 होमगार्ड्स, आधा सेक्शन सी.आर.पी.एफ. के जवान तैनात किये जा रहे हैं। इस प्रकार से कुल 1393 मतदान केन्द्रो पर 895 निरीक्षकध्उप निरीक्षक, 6514 मु.आरक्षीध्आरक्षी, 3990 सशस्त्र व 2524 सिविल पुलिस, 5138 होमगार्ड्स, 13 सेक्शन (390) पी.ए.सी. जवान, तथा 774.5 सेक्शन सी.आर.पी. एफ. के जवान तैनात किये जा रहे हैं।

बैठक के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा के प्रेक्षक बेजोप केन्या, नानपारा के चिन्मय पुण्डलिकराव गोटमारे, महसी के देवाशीष दास, बहराइच के डॉ. चंद्रकांत पुलकुंडवार, पयागपुर के मनोज कुमार मणिकराव सूर्यवंशी, कैसरगंज के प्रदीप गोविन्द चौधरी व पुलिस प्रेक्षक एम. श्रीनिवासुलू सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## नवीन परती भूमि पर दबंगों द्वारा कराया जा रहा अवैध निर्माण

मिल्कीपुर अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के घाटमपुर गांव में स्थानीय पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर दबंग द्वारा अवैध निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। यही नहीं अवैध निर्माण करके एक गरीब परिवार का रास्ता भी पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया जा रहा है। पीड़ित तहसील से लेकर थाने का चक्कर काटने को मजबूर है। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा गांव सभा की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोके जाने संबंधी आदेश उप जिलाधिकारी द्वारा पारित कराते हुए इनायत नगर पुलिस को देने के बावजूद भी अवैध निर्माण नहीं रोकवा सके हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र की इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित घाटमपुर गांव के राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 548 रक्बा 0.1800 नवीन प्रति के खाते में दर्ज है। उक्त भूमि से ही सटा हुआ अर्जुन दुबे पुत्र संजय दुबे का पुश्तैनी मकान स्थित है मकान से सटा हुआ उनका बरामदाध् टिन सेड भी लगा हुआ है। मकान स्वामी अर्जुन दुबे का आरोप है कि उनके सहन के सामने खाली पड़ी सरकारी गोमी पर गांव के ही रहने वाले विंध्या प्रसाद व बिंदेश्वरी प्रसाद पुत्र बलराम सरदार द्वारा स्थानीय पुलिस से सांठगांठ करके जबरिया दीवाल निर्माण करते हुए उनका रास्ता तक बंद कर दिया जा रहा है। मामले की शिकायत पीड़ित अर्जुन दुबे ने एसडीएम से लेकर स्थानीय पुलिस तक से की। किंतु उपरोक्त दबंगों के प्रभाव में आकर इनायत नगर पुलिस के बीट प्रभारी दरोगा एवं सिपाही अवैध निर्माण को एसडीएम द्वारा रोके जाने संबंधी आदेश दिए जाने के बावजूद भी नहीं रुकवा सके हैं। पीड़ित अधिकारियों की चौखट पर एड़िया घिसने को मजबूर है। उधर दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर अमरजीत सिंह का कहना है कि मेरे संज्ञान में मामला नहीं है तहरीर मिलते ही कार्यवाही की जाएगी।

## मधुरिमा मिश्रा के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

अयोध्या। कांग्रेस की महिला नेता मधुरिमा मिश्रा के असामयिक निधान से कांग्रेस जन शोक संतप्त हो कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा मे कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय मधुरिमा मिश्रा को याद करते हुए कहा मधुरिमा जी कांग्रेस पार्टी की कर्मठ कार्यकत्री थी ।उन्होंने कई सालों तक महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूप में सफल कार्यकाल निभाया । स्वर्गीय मधुरिमा मिश्रा ने फैजाबाद नगर पालिका चेयरमैन का कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव भी लड़ा था। वह पेशे से अधिवक्ता थी तथा उपभोक्ता फोरम की सक्रिय मेंबर भी थी। स्वर्गीय मधुरिमा मिश्रा जी सदैव महिला हितों तथा गरीबों के लिए संघर्ष भी करती रहती थी। शोक सभा प्रमुख रूप से पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह उग्रसेन मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा श्रीनिवास शास्त्री प्रवीण श्रीवास्तव सेवादल अध्यक्ष बसंत मिश्रा उमेश उपाध्याय अमरीश पांडे शैलेंद्र शुक्ला शैलेश पांडे शैलेंद्र मणि पांडे विजय पांडे मोहम्मद आरिफ मोहम्मद शरीफ अशोक राय बिलाल अंसारी युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय तिवारी महानगर अध्यक्ष संदीप यादव रिशु युवा नेता राकेश तिवारी रजनी शर्मा युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री उमर मुस्तफा फिरोज अंसारी रामकरण कोरी अनिल तिवारी अनिल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या की सभी विधान सभा में भाकियू हुई लामबंद

सोहावल–अयोध्या। लखनऊ में हुई संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक और राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निर्देश पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को निर्देश हुआ है कि अयोध्या की सभी विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के भाजपा प्रत्याशियों को हराना है। इसके अनुपालन की रणनीति बनाई गई और सर्वसम्मति से तय किया गया कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को हराने के लिए राष्ट्रीय लोक दल के गठबंधन के साथी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताना होगा और किसान आंदोलन में शहीद लगभग 750 किसानों को श्रद्धांजलि देना है। बैठक को सम्बोधित करते हुये भारतीय किसान यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी फरीद अहमद ने कहा कि मोदी सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दो गुनी करने का वादा किया था, लेकिन छुट्टा जानवर किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद कर रहे हैं। सरकार उस पर लगाम नहीं लगा पा रही हैआय तो दो गुनी नहीं हुई लेकिन लागत दो गुना जरूर बढ़ गई है। जिसका बदला किसान वोट की चोट से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद का समय 1 नवंबर से 28 फरवरी तक होती है। नवंबर नवम्बर में राइस मिलरों व सहकारी कर्मचारियों के हड़ताल से धान खरीद नहीं हुई और फरवरी माह में सरकार ने धान क्रय केंद्रों को बंद कर दिया। जिसके कारण किसानों को धान की एम एस पी नहीं मिल पा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव,देवी प्रसाद वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, प्रेम शंकर वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, अजय यादव महानगर अध्यक्ष, अबरार अहमद खान, दानिश खान,सुरेश शास्त्री, उर्मिला निषाद, जितेंद्र कुमार, भभूती निषाद ,राम अवतार नरेंद्र विश्वकर्मा, करमचंद, मनोज कुमार,आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम व एसएसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 284–मटेरा अन्तर्गत मतदान केन्द्र चन्द्रशेखर आजाद मेमोरियल श्यामा देवी बालिका इण्टर कालेज रिसिया तथा प्राथमिक विद्यालय बंगला चक का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम व एसएसपी ने मतदाताओं से सबसे पहले इस बात की जानकारी प्राप्त की कि किसी को मतदान करने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं है। क्षेत्र में कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं है जो मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करता हो। लोगों से यह भी अपील की गयी कि निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। क्षेत्र में किसी प्रकार की रिश्वत, शराब या धनराशि के वितरण जैसी कोई बात सामने आये तो सम्बन्धित अधिकारियों को इसकी सूचना अवश्य दें। डीएम व एसएसपी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, इसलिए सभी लोग 27 फरवरी 2022 को मतदान करने जरूर आएं। इससे पूर्व जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ग्राम बलभद्रपुर के कोटेदार मुख्तार अहमद के यहॉ पहुॅच कर खाद्यान्न वितरण की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विक्रेता द्वारा खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था। इसके अलावा दुकान पर मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित बैनर प्रदर्शित होने पर डीएम व एसएसपी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मौजूद लोगों से मतदान की अपील की। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ की कोटे की दुकान पर पात्र गृहस्थी योजना के 1525 तथा अन्त्योदय योजना से सम्बन्धित 231 कुल 1756 कार्ड धारक सम्बद्ध हैं। चूंकि यहॉ पर 27 मजरों के कार्डधारकों द्वारा खाद्यान्न का वितरण किया जाता है इसलिए रोस्टर के अनुसार वितरण का कार्य किया जाता है ताकि सभी लोगों को आसानी के साथ खाद्यान्न इत्यादि प्राप्त हो सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पीसीएस अमन देओल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसएसपी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन प्रकिया से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए जनपद में विधानसभा निर्वाचन प्रकिया को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए शान्तिपूर्ण निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न कराये जाने में सहयोग प्रदान करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार घर पर पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए राजनैतिक दल अपने प्रतिनिधि नामित कर सकते है। स्टार प्रचारकों के चुनावी सभाओं आदि के सम्बन्ध में प्रशासन को समय से जानकारी उपलब्ध कराये ताकि अनुमति इत्यादि की कार्यवाही समयान्तर्गत पूरा कराया जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी सुझाव दिया कि ईवीएम मशीनों के सेटिंग के समय अपने किसी प्रतिनिधि को नामित कर दें। एआरटीओ कार्यालय में नोडल अधिकारी की तैनाती की जायेगी ताकि प्रत्याशियों को वाहनों के अनुमति प्रदान करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि मतदान प्रकिया को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सभी बूथों पर अर्दवसैनिक बलों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग की भी अपील की। उन्होंने बताया कि 17 से 20 फरवरी 2022 तक केडीसी में मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधि भी उपस्थित रह सकते है। डीएम व एसएसपी द्वारा जनपद में सकुशल निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में माइक्रो आबजर्वर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट्स की तैनाती, बेव कास्टिंग, फोटो ग्राफी, वीडिया ग्राफी इत्यादि के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन प्रकिया सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानन्जय सिंह, ग्रामीण अशोक कुमार, रिटर्निंग आफीसर्स व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि नन्हे लाल लोधी, अजय गौतम, छोटे लाल गौतम, जफरउल्लाह खां बन्टी, राजेश श्रीवास्तव, डा. अजीम उल्लाह खां सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मतदान दिवस के दिन बढ़ चढ़कर लें हिस्साः नवदीप रिणवा

### मण्डलायुक्त ने दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

अयोध्या। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अन्तर्गत कबड्डीध्एथलेटिक्स की दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन डा. भीमराव अम्बेडकर क्रीडा संकुल डाभासेमर स्टेडियम में मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा, जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। मण्डलायुक्त ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से आगामी 27 फरवरी 2022 को होने वाले मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदाताओं को स्वमतदान के लिए प्रेरित करते हुये मतदान प्रतिशत में वृद्धि कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता का अच्छे तरीके से आयोजन किया गया है तथा सभी खिलाड़ियों द्वारा नियम व अनुशासन के दायरे में रहकर खेल को खेला गया है। मण्डलायुक्त ने मतदाताओं से अपील की कि वह मतदान दिवस के दिन बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें तथा जिन मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुंचने में असमर्थता हो रही है उनकी सहायता करते हुये उनका मतदान करायें। उन्होंने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का कार्ययोजना के तहत कार्यक्रम आयोजित कराते रहे तथा मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर बेहतर सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित करें व शासन एवं चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन अनुपालन भी सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने स्वीप ऐक्टीविटी का शुभारम्भ करते हुये कहा कि जनपद के समस्त मतदाताओं को लोकतंत्र को जीवन्त बनाये रखने के लिए स्वप्रेरणा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। युवा मतदाताओं की भी मतदाता जागरूकता व मतदान दिवस के दिन अहम भूमिका होती है, जिसकी विश्व में सराहना की जाती है।

उन्होंने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुये कहा कि जीत व हार खेल का एक हिस्सा है, परन्तु जो खिलाड़ी जीतकर अपने प्रयासों को जारी रखता है तथा हारे हुये खिलाड़ी अपनी हार से सीख लेते है और अधिक मेहनत करते हुये अपनी कमियों को दूर करते है वह भविष्य में ऊंची बुलंदियों तक जाते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वहां उपस्थित सभी युवा मतदाताओं से कहा कि यहां जो वोटर है वह मतदान अवश्य करें इसके साथ ही अपने परिवार को व आसपास के क्षेत्रों के दूसरे मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करें। लोकतंत्र के महापर्व में बेहतर विकल्प चुने। उन्होंने शिक्षा विभाग के बीएसए व डीआईओएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपसी समन्वय बनाकर मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करें।

खेलकूद प्रतियोगिता में स्काउट, कबड्डी, दौड़ (100 मीटर, 400 मीटर) आदि का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी गयी व विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने भी लोगों को मतदान बढ़ाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, नगर आयुक्त विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल सहित परियोजना निदेशक, जिला क्रीडा अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, स्वीप व चुनाव सम्बंधी अधिकारी एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 17 से 20 तक

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जनपद में अवस्थित सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित किये गये कार्यक्रम के अनुसार स्व. ठाकुर हुकम सिंह किसान पी.जी. कालेज बहराइच में 17 से 20 फरवरी 2022 तक 02 पालियों में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। प्रथम पाली के लिए प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक तथा द्वितीय पाली के लिए अपरान्ह 02 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित किये गये रोस्टर की जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी कार्मिकध्मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने बताया कि 17 फरवरी को प्रथम पाली में नियुक्त पोलिंग पार्टी संख्या 01 से 454 तक व द्वितीय पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 455 से 908 तक, 18 फरवरी को प्रथम पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 909 से 1362 तक व द्वितीय पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 1363 से 1816 तक, 19 फरवरी को प्रथम पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 1817 से 2270 तक तथा द्वितीय पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 2271 से 2724 तक तथा 20 फरवरी को प्रथम पाली में पोलिंग पार्टी संख्या 2725 से 3162 तक तथा द्वितीय पाली में प्रशिक्षण से वंचित रहे छूटे हुए तथा रिप्लेस कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए अवर अभियन्ता स्तर के 92 मास्टर ट्रेनर्स को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## चोरी के मोबाइल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार एंव चोरी का समान बरामद

बहराइच। अपराध एवं अपराधियो तथा चोरो के गिरफ्तारी के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आज अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नानपारा डा0 जे0बी0 यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा द्वारा थाना स्थानीय की जागरुक नागरिको को पुलिस के सहयोग के क्रम में आज चोरी कर भाग रहे अभियुक्त कैलाश पथरकट पुत्र टेढ़े निवासी कुचबधियन मोहल्ला बाबागंज थाना रूपईडीहा जिला बहराइच को ग्राम भवनियापुर टिकुरी से गिरफ्तार कर थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद पुलिस अभिरक्षा में उक्त अपराध के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 0054ध्2022 धारा 380ध्457ध्411 भादवि पंजीकृत कर हिरासत पुलिस में लेकर अभियुक्त कैलाश उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।इस अभियुक्त के पास से आठ अदद मोबाइल,एक पीतल का बटुला और पचपन रूपये नगद बरामद हुए।

## सदर क्षेत्र मे सपा प्रत्याशी के पक्ष मे डोर–टू–डोर कार्यक्रम

बहराइच। सदर बहराइच के विभिन्न क्षेत्रों सरसा, रेवली, खुटेहना में जनसम्पर्क के माध्यम से सदर बहराइच से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व विधायक यासर शाह के लिए उनके प्रतिनिधि जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने पार्टी के अन्य नेताओं यशपाल सिंह प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा, रामजी यादव प्रदेश सचिव युवजन सभा, नंदेश्वर नंद यादव , बलवीर वर्मा आदि साथियों ने डोरटूडोर पहुँचकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर वहाँ उपस्थित सभी देवतुल्य जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त किया और 27 फरवरी को सदर से प्रत्याशी यासर शाह को अधिक से अधिक वोट देकर विजयी बनाये और अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। अर्जुन गुप्ता कार्यालय सचिव जिला सोशल मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी ने बताया कि जनता मौजूदा सरकार से ऊब चुकी है।वो हर स्तर पर परेशान व पीड़ित है।इसलिए वह इस चुनाव मे सपा का समर्थन कर रही है जिससे भाजपा के लोग घबराए हुए है।

## मतदान के दिन मनाया जायेगा बन्दी दिवस

अयोध्या। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जनपद में विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के अन्तर्गत पंचम चरण 27 फरवरी दिन रविवार को उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्यक अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा 8 के उपबन्धों के प्रवर्तन से इस शर्त के अध्याधीन रहते हुए लोकहित में यह छूट प्रदान की गयी है कि मतदान के वास्तविक दिन उस क्षेत्र में जिसको कोई दुकान या वाणिज्यक अधिष्ठान स्थित है, ऐसी दुकान एवं वाणिज्यक अधिष्ठान द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुटटी का दिन नहीं है तो मतदान का वास्तविक दिन बन्दी दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसी प्रकार जनपद में स्थित समस्त अविरल प्रक्रिया के कारखानों में उक्त व्यस्थानुसार कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान किया जायेगा एवं अनविरल प्रक्रिया वाले समस्त कारखानों में मतदान के दिवस को मतदान हेतु सार्वजनिक अवकाश रहेगा एवं अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नहीं लिया जायेगा।

# गांवों में पहुचायेगी वैज्ञानिक जागरूकताः प्रो अजय प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसीधसिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद डीएसटी नई दिल्ली एवं इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एण्ड एडवांस्ड स्टूडीज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर में लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार पर कार्यशाला एवं आउटरीच कार्यक्रम विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन प्रतिभागियों ने स्क्रिप्ट लेखन के विविध बारीकियों की और कठपुतली निर्माण कार्य के बारे में विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की। इसी के साथ प्रतिभागियों को कृषि, स्वास्थ एवं पर्यावरण के बारे में पुतुल के माध्यम से लोगों के बीच में किस प्रकार से जागरूकता उत्पन्न की जा सकती है, इसके बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। भारतीय विज्ञान लेखक संघ के डॉक्टर वी पी सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड से बचाव के लिए सतत जागरूकता बनाए रखना अति आवश्यक है और यह कार्य सही प्रकार से वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करके ही किया जा सकता है। इसी अवसर पर लखनऊ से पधारे लखनऊ विश्वविद्यालय मानव विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो अजय प्रताप सिंह ने विज्ञान नाटक लेखन के बारे में विविध बारीकियों की जानकारी दी। इसके बाद प्रतिभागियों ने पुतुल नाटाको की प्रस्तुति दी। विशेषज्ञो ने बताया कि कठपुतली के माध्यम से लोगों को रोचक तरीके से जानकारी दी जा सकती है इसलिए स्क्रिप्ट इस प्रकार से लिखी जानी चाहिए जो लोगों की भाषा में हो उनके अपने जीवन के करीब लगे। इसी अवसर पर पुतुल विशेषज्ञ श्री नारायण श्रीवास्तव ने पेपर के माध्यम से कठपुतली बनाने की प्रक्रिया को भी बतलाते हुए प्रतिभागियों द्वारा कठपुतली बनाने का कार्य भी आरंभ किया गया। उन्होंने स्क्रिप्ट की कहानी के अनुसार विभिन्न प्रकार के पात्रों का निर्माण आरंभ किया। डाइट के प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार ने गांव में आउटरीच कार्यक्रम पर अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अयोजन में संतोष त्रिपाठी एवं सोनाली का विषेश योगदान रहा।




# नंदू मिश्रा के गाने पर झूमे लोग,हुआ विशाल भंडारा

सिद्धार्थनगर। शहर स्थित हनुमंतनगर भीमापार में निर्मित भव्य मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा हुआ। इस मौके पर भजन सम्राट कहे जाने वाले प्रसिद्ध गायक नंदू मिश्रा एंड टीम के भजनों पर पूरा पांडाल झूम उठा। उनके कई गीतों पर स्रोता थिरकने को भी मजबूर हो गए। मंगलवार रात शहर से सटे हनुमंतनगर भीमापार में नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर में भजन गायक नंदू मिश्रा और उनकी टीम के पहुंचने पर स्रोताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम आयोजक ओम प्रकाश चौबे, उनकी धर्मपत्नी रजनीश चौबे, समाजसेवी राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ नन्हें, राजू बाबा ने नंदू मिश्रा का माल्यार्पण, अंगवस्त्र देकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी टीम में शामिल गायिका दिव्या ने सरस्वती और गणेश वंदना से की। इस मौके पर नंदू मिश्रा ने विध्यांचल स्थित विंदवासिनी माता, लेहरा वाली दुर्गा माता, अयोध्या में भगवान श्रीराम और हनुमान से जुड़े गीत प्रस्तुत किए। नंदू मिश्रा की कई प्रस्तुतियों पर लोग थिरकने को मजबूर हो गए। इनमें महिलाएं और युवतियां भी शामिल थी। कार्यक्रम में अजीत सिंह, राजू श्रीवास्तव, डब्लू पांडे, पिंटू राय, राकेश पांडेय, गुड्डू सिंह, पीयूष चौबे, श्याम नारायण चौबे, मोहित सिंह, शिवेंद्र सिंह, अंकित छापड़िया, गल्लर सिंह, श्रीश चौधरी, सुभाष पांडे, संजीव सिंह, छोटू चौबे, सत्यम उपाध्याय, अविनाश पांडे, रजनेश धर दुबे, छोटे चौबे, फतेबहादुर सिंह, विजय पांडे, शशांक पांडे, पिंटू चौबे, लल्लू खान, सक्षम चौबे, जय सिंह चौधरी, राम सिंह चौधरी, प्रतीक श्रीवास्तव, पवन पाठक सहित सैकड़ों हनुमान भक्त मौजूद रहे।



# डीएम विजय किरन आनंद एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा एसपी सिटी सोनम कुमार व प्रेक्षक नवनीत मोहन कोठारी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैक मार्च

## शहर सर्किल की पुलिस ने सुरक्षा का कराया एहसास

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर नगर सर्किल की पुलिस कैन्ट थाने से फ्लैग मार्च डीएम विजय किरन आनंद एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा प्रेक्षक नवनीत मोहन कोठारी व अन्य के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाल कर बेतियाहाता शास्त्री चौक गोलघर काली मंदिर सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुच कर अधिकारियों व पुलिस जवानों ने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया कि आप निर्भीक होकर 3 मार्च को अपने अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करें किसी के बहकावे में ना आएं अगर कोई आपको प्रलोभन देता है तो आप तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि उक्त व्यक्ति के ऊपर तत्काल कार्रवाई किया जा सके सदा पुलिस आपकी मदद के लिए तत्पर है आप निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर 3 मार्च को अवश्य करें जिससे सशक्त राष्ट्र निर्माण में आपका योगदान हो सके। पुलिस जवानों ने नागरिकों में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया अराजकतत्वों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों की सूची तैयार कर उनकी हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने को लेकर पूरी तैयारी है। कानून व्यवस्था में खलल डालने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई चल रही है। बीते चुनाव में बाधा पहुंचाने वालों पर नजर रखी जा रही है। विधानसभा चुनाव को लेकर चौकी इंचार्ज व बीट पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा ने दो टूक कहा कि लापरवाही पर जवाबदेही होगी।समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि जिन असलहाधारकों ने अपने असलहे अब तक जमा न किए हों उनके असलहे प्राथमिकता के आधार पर जमा करा लिए जाएं। चौकी इंचार्ज नियमित रूप से अपनी चौकी पर सुबह–शाम पुलिसकर्मियों संग बैठक कर क्षेत्र की गतिविधियों की चर्चा करेंगे और इसकी रिपोर्ट देंगे। अवैध शराब के धंधे पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। हल्का दारोगा व बीट पुलिस अधिकारी प्रतिदिन अपने–अपने हल्के का भ्रमण कर इस पर नजर रखेंगे। जहां से अवैध शराब बनने तथा बिक्री होने की पुष्टि होगी, वहां के दारोगा व कांस्टेबल इसके जिम्मेदार माने जाएंगें। इसी तरह क्षेत्र के अराजकतत्वों की सूची अपडेट कर उनकी निगरानी की जाए। इनके संपर्क में कौन–कौन लोग हैं उन पर भी नजर रखी जाए। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। शांतिपूर्ण चुनाव कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर पुलिसकर्मी सजगता बरतें, ताकि निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति में किसी तरह की कोई बाधा उत्पन्न न हो फ्लैग मार्च में प्रमुख रूप से जिला निर्वाचन अधिकारीध जिलाधिकारी विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह प्रेक्षक नवनीत मोहन कोठारी सहित अन्य प्रेक्षक ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम सदर कुलदीप मीना ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित महाजन अपर एसडीएम सदर रोहित वर्मा सीओ कोतवाली विमल कुमार सिंह सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह सीओ आफिस प्रशाली गंगवार कैन्ट कोतवाली शाहपुर राजधाट व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अपने अपने टीम के सदस्यों के साथ मौजूद रहे।



# खण्ड विकास अधिकारी गगहा ने किया सेमरी विद्यालय का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा



सेमरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय पर बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी– गगहा, सत्य प्रकाश सिंह पहुचकर औचक निरीक्षण किया। विद्यालय के स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, रसोई घर, शौचालय, हैंडवाश यूनिट, अध्ययन कक्षों का उन्होंने गहनता से देखा। विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा–जहाँ चाह वहाँ राह। इससे पूर्व सिंह ने संत रैदासजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और कहा कि व्यक्ति अपने कार्यों से महान बनता है। कर्म को ही ईश्वर भक्ति मानने वाले संत रैदासजी का जीवन इसे प्रमाणित करता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सदन तिवारी, ग्राम सचिव रमेश चौधरी, पंचायत सहायक अनीता तिवारी, आंगनबाड़ी कंचन तिवारी, सफाई कर्मी अरविंद कुमार, मनोज कुमार मिश्र, पंकज कुमार गुप्ता, गुलाब, राम सिंह, अशोक कुमार चौहान, प्रिंस आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान का बैठक किया गया

## खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार ने वोट देने की अपील

अनंत मिश्रा/ दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक परिसर में खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार ने ग्राम पंचायत समूह व समस्त आंगनबाड़ी





कार्यकत्री, सहायिका बीएलओ के साथ बैठक की और वहीं खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार ने लोगो को बताए कि मतदाता जागरूकता की रैली निकाला जाय लोगो को जागरूक किया जाय ग्रामीणों में जाकर लोगों को जागरूक किया जाय बैठक में उपस्थित ब्लॉक मिशन प्रबंधक संतोष कुमार गुप्ता, एडीओ आईएसबी, पंकज शाह, कपिल विश्वकर्मा, अजीत कुमार आदि लोग रहे मौजूद।

# एक योगी जिसने बदला उत्तर प्रदेश` पुस्तक का विमोचन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। भारतीय लेखक टी.ई.डी.एक्स. स्पीकर और राजनीतिक विश्लेषक शान्तनु गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'एक योगी जिसने बदला उत्तर प्रदेश' का विमोचन बुधवार को हिन्दू सेवाश्रम में किया गया। शान्तनु गुप्ता ने कहा कि इस पुस्तक में उन्होंने बताया है कि किस प्रकार भारत के सबसे बड़े और जटिल राज्य, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश में बदलने के पथ पर तीव्रता से अग्रसर कर दिया है। इस पुस्तक में 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के शानदार जीत के बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाये जाने के समय का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। शपथ लेते समय किस प्रकार कई राजनैतिक पंडितों ने योगी आदित्यनाथ को खारिज कर दिया था और कहा था कि भगवाधारी महंत केवल धर्म का पाठ ही पढ़ा सकता है शासन करना उसके बस की बात नही है लेकिन लगभग पांच वर्षों में योगी आदित्यनाथ ने सभी भविष्यवाणियों को गलत शाबित कर दिया है। योगी आदित्यनाथ के जीवन पर लिखी गयी अपनी पहली पुस्तक 'योगी गाथा' के बाद अगली पुस्तक 'एक योगी जिसने बदला उत्तर प्रदेश' उन सभी विषयों और तथ्यों का अवलोकन है जिससे मुख्यधारा की मीडिया ने आम जनता को कभी खुलकर अवगत नही कराया है। योगी आदित्यनाथ एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री बन गये है जिनपर दुनिया प्रतिष्ठित मीडिया समूहों न्यूयार्क टाईम्स और वाशिंगटन पोस्ट में लगातार नफरत भरे लेख लिखे जाने लगे है जो तथ्यों के बजाय पूर्वाग्रहों पर आधारित है। योगी विरोध में अंधे सभी लोगों को मेरी यह पुस्तक अवश्य पढ़नी चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. प्रदीप राव द्वारा शान्तनु गुप्ता को अंगवस्त्र एवं महंत अवेद्यनाथ स्मृति ग्रन्थ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 'एक योगी जिसने बदला उत्तर प्रदेश' पुस्तक के वितरण के कार्यक्रम में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल अतुल वाजपेयी, गोरखनाथ मन्दिर के सचिव द्वारिका तिवारी, डॉ. प्रदीप कुमार राव, डॉ. राजेन्द्र भारती, जीडीए सदस्य दुर्गेश बजाज, बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री अतुल सिंह, विनय गौतम, अमरनाथ, सत्य प्रकाश शुक्ला, शुभम मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।



# ग्रामिणो ने पकडा हिरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोपालपुर/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के उचांगाव के समीप ताल कासो में कही से भटकर हिरण आ गया तथा गांव के जब बच्चों ने देखा तो शोर मचाया तो हिरण भाग कर जलकुम्भी में फस गया। गाँव के प्रधान जय सिह व निलेश, मुकेश, जनार्दन, गोविन्द, अनिल, प्रेमचन्द आदि लोगो के मदद से हिरण को बचा कर वन विनाग के फारेस्ट गार्ड चन्द्रदेव व मन्नू को हिरण सौप दिया।



# सात प्रत्याशियों ने अपने–अपने नाम लिए वापस मैदान में बचे 109 प्रत्याशी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। सामान्य निर्वाचन 2022 विधानसभा चुनाव में गोरखपुर जनपद के 9 विधानसभा में नाम वापसी के बाद 109 प्रत्याशी



मैदान में शेष रह गये आज सात प्रत्याशियों ग्रामीण विधानसभा से विशाल कुमार पुत्र विजय बहादुर यादव सहजनवा विधानसभा से अंजू सिंह पत्नी सुधीर सिंह प्रशांत खजनी विधानसभा से शैलेश कुमार पिपराइच से सत्यम अग्रवाल चौरीचौरा से प्रशांत सिंह चिल्लूपार से आलोक कुमार गुप्ता निर्दल ने नाम वापस लिया। पर्चा वापसी के बाद प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गये अब प्रत्याशी 17 जुलाई 2022 से अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में अपने अपने चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए प्रचार प्रारंभ कर मतदाताओं से अपने लिए वोट मांगने का कार्य करेंगे सदर विधानसभा से दो प्रत्याशियों ने चुनाव चिन्ह सिलेंडर की मांग पर लॉटरी द्वारा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

# सत्संग ही ईश्वर प्राप्ति का माध्यम हैः आचार्य विनोद

## गोला क्षेत्र के परसिया मिश्र गांव में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। भगवत भजन करने से व्यक्ति के अंदर विश्वास जागता है वह स्वयं तो आत्मविश्वासी होता ही है दूसरों के अंदर भी विश्वास जगाता है, श्रीमद् भागवत कथा अशांत जीवन को शांत बना देती है, कथा केवल सुने ही नहीं बल्कि अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। इस कलयुग में भाग दौड़ की जिंदगी में व्यक्ति अगर कथा, सत्संग में भी भाग ले तो उसे ईश्वर की महिमा का ज्ञान होगा और उसे ईश्वर के चरणों स्थान मिलेगा। उक्त बातें अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य विनोद महाराज ने गोला क्षेत्र के परसिया मिश्र गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को व्यास पीठ से उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कही। आगे उन्होंने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि जीवन की सुंदरता बाहरी वैभव में नही, मनुष्य के आंतरिक संसार में हुवा करती है। इसके पूर्व कथा का शुभारंभ यजमान अछैबर मिश्र द्वारा व्यास पीठ की आरती करके कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सतीश चंद्र मिश्र, हैसिला मिश्र, ओमप्रकाश मिश्र, डॉ कौशलेश मिश्राप्रेम तिवारी, वीरेंद्र मिश्र, गोपाल मिश्र, इंद्रजीत मिश्र, राजेश मिश्र, धीरेंद्र शुक्ल, विद्याधर गौड़आदि तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहें।

# सम्पादकीय

**राष्ट्रीय राजधानी व अन्य महानगरों में बहुमंजिला इमारत बनाने वाली चिंटल्स पैराडिसो के गुणवत्ता मानकों का ये आलम है तो शेष देश में निर्माण कार्य की गुणवत्ता की क्या हालत होगी, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उपभोक्ता संगठन भी सजग हों ताकि चमकीले विज्ञापनों में दर्शायी खूबियों के बजाय निर्माण की..**

## हादसों के आशियाने

गुरुग्राम में एक बहुमंजिला इमारत में दोषपूर्ण निर्माण तकनीक व घटिया सामग्री के चलते जन–ध ान की जो क्षति हुई है, उसने ऐसी इमारतों में रहने वाले लोगों को भय से भर दिया। घटना ने बहुमंजिला इमारतों का निर्माण करने वाले बिल्डरों की साख को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। गुरुग्राम स्थित 18 मंजिला चिंटल्स पैराडिसो सोसायटी की छठी मंजिल की बैठक की छत ऐसी गिरी कि उसका वजन नीचे की मंजिलें सहन नहीं कर पायीं। वे एक–एक करके गिरती चली गईं, जिसमें जानमाल का नुकसान हुआ। कई घर मलबे में तब्दील हो गये और कई क्षतिग्रस्त हो गये। स्वप्निल लोक के आकर्षक विज्ञापनों से खरीददारों को ललचाने वाले बिल्डरों की हकीकत इस हादसे में बेनकाब हो गई। निश्चित रूप से जीवन की जमा पूंजी व बैंकों आदि से लोन लेकर सुकून के लिये आशियाना खरीदने वाले लोग अब भयभीत होंगे। निर्माण की गुणवत्ता ने उनके मन में आशंका भर दी है कि कहीं भविष्य में किसी हादसे की पुनरावृत्ति न हो जाये। यह इमारत ही नहीं, देश के तमाम महानगरों में बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोग इस हादसे के बाद आतंकित होंगे कि कहीं उन्हें भी ऐसी स्थितियों से न गुजरना पड़े। निस्संदेह निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का संदेह उन्हें परेशान करता है। हकीकत भी है कि जिन विभागों के पास इन बहुमंजिला इमारतों के निर्माण सामग्री व डिजाइन की गुणवत्ता परखने की जिम्मेदारी है, वे आपराधि ाक चुप्पी ओढ़कर खामोश हो जाते हैं। अक्सर इन बहुमंजिला फ्लैटों में घर के खरीददार मकान में दरार आने, संरचना में खोट या पाइप लीक होने जैसी शिकायतें करते रहते हैं। अब हादसे के बाद चिंटल्स पैराडिसो के बिल्डर को गिरफ्तार किया गया है। काश! इस मामले में तब कार्रवाई की गई होती जब कुछ महीने पहले इमारत में रहने वाले लोगों ने एक बालकनी के एक हिस्से के टूटने की शिकायत की थी। बिल्डर ने नये सिरे से गुणवत्ता की खामियों पर समय रहते ध्यान दिया होता तो शायद यह हादसा टाला जा सकता था। निस्संदेह, इस हादसे के बाद तमाम ऐसी बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले लोगों की नींद उड़ गई होगी। अब उनकी आकांक्षा होगी कि उनके टावरों की सभी संरचनाओं की गुणवत्ता की सख्ती से जांच की जाये। साथ ही इन निर्माण कार्यों से जुड़ी नियामक संस्थाओं की जवाबदेही बनती है कि सभी आवासीय व वाणिज्यिक इमारतों में संरचना गुणवत्ता की नये सिरे से जांच की जाये। इसके अलावा खरीददारों की जान जोखिम में डालने वाले बिल्डरों के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान हो। निस्संदेह यह मुनाफाखोर बिल्डरों व संदिग्ध अधिकारियों की मिलीभगत उजागर होने का पहला मामला नहीं है। अतीत में यदि सख्त दंड की नजीर पेश की गई होती तो ऐसे हादसे दुबारा नहीं होते। हादसे के बाद कुछ समय तक मामले के गर्म रहने के बाद प्रकरण को ठंडे बस्ते में डालने की पुनरावृत्ति भी नहीं होनी चाहिए। हालांकि, हरियाणा सरकार ने मामले की जांच की बात कही है, लेकिन जांच को तार्किक परिणति तक पहुंचाने की भी जरूरत है। सवाल यह भी है कि बहुमंजिला भवनों के निर्माण में गुणवत्ता की जांच करने वाले महकमों की जिम्मेदारी कैसे तय की जाये ताकि भवनों के डिजाइन, तकनीक व निर्माण सामग्री मानकों पर खरे उतर सकें। साथ ही बहुमंजिला रिहायशी इमारतों के नक्शे पास करने, मंजिलों के निर्धारण, निर्माण सामग्री व सुरक्षा से जुड़े तमाम पहलुओं के राष्ट्रीय मानकों को सख्त बनाने की जरूरत भी है।

## कार के साथ न चलेगा कश्मीर का धंधा

आलोक पुराणिक

अच्छी–खासी कारें बेचे जा रही थी भारत में, वह मल्टीनेशनल कार कंपनी। फिर हिंदुस्तान– पाकिस्तान के चक्कर में पड़ गयी। ऐसे ही एक पिज्जा कंपनी को लगा कि पिज्जा कारोबार के साथ–साथ हिंदुस्तान–पाकिस्तान कारोबार भी कर लें। जो बहुत चलता है और लगभग 12 महीनों ही चलता है। पर हिंदुस्तान–पाकिस्तान अलग किस्म का धंधा है, जो टीवी एंकरों, नेताओं को तो फल जाता है, पर सचमुच के कारोबारी फंस जाते हैं इसमें। उस कार कंपनी के पाकिस्तानी पक्ष ने कुछ ऐसा डाला सोशल मीडिया पर कश्मीर के विषय पर, जो भारतीयों को नागवार गुजरा। भारतीयों ने बायकाट मचा दिया कार कंपनी का। अब कार कंपनी कह रही है कि वह कांड तो पाकिस्तानी ब्रांच ने किया। पाकिस्तान में ब्रांचबाजी अलग तरीके से होती है। आतंकियों की एक ब्रांच सेना के तौर पर काम करती है और एक ब्रांच आईएसआई की तरह से काम करती है। खैर, धंध ाा करना है तो पाकिस्तान में उस कंपनी को पाकिस्तानी होना पड़ेगा और हिंदुस्तान में हिंदुस्तानी दिखना पड़ेगा। होशियार धंधे वाले सिर्फ धंधे पर फोकस करते हैं, हिंदुस्तान, पाकिस्तान करना नेताओं और टीवी एंकरों के लिए छोड़ देते हैं। कार का धंधा फुलटाइम काम है, हिंदुस्तान–पाकिस्तान करने का धंधा भी फुलटाइम काम है। हिंदुस्तान–पाकिस्तान का धंधा करने वाले कभी भी कार के धंधे में नहीं आते हैं, वे सिर्फ और सिर्फ हिंदुस्तान–पाकिस्तान करते हैं, तो कार का धंधा करने वालों को समझना पड़ेगा कि उन्हें हिंदुस्तान–पाकिस्तान करने के धंधे में नहीं पडना चाहिए। पाकिस्तान में कश्मीर का धंधा करने वाले अच्छा कमाते हैं, तरह–तरह से रकम खा जाते हैं। पाकिस्तान में कार का धंधा मुनाफे वाला है और कश्मीर का धंधा भी मुनाफे वाला है। हाफिज सईद आतंकी कश्मीर के धंधे पर फोकस करता है, वह कार वगैरह बेचने के काम में नहीं लगता। उसका फोकस बहुत क्लियर है। पर ऐसा फोकस कार कंपनी के पास नहीं है। वह कार के साथ कश्मीर भी बेचने लग जाती है। कई सारे धंधे एक साथ करने वाले घाटा खा जाते हैं। आमिर खान फिल्म के धंधे के बहुत बड़े कारोबारी हैं। फिर एक वक्त गुजरात के बांध का विरोध करने के धंधे में आ गये, गुजरात वाले नाराज हो गये। आमिर खान की फिल्म का बायकाट मचा। आमिर खान का फिल्म का धंधा मंदा पड़ा। संजय दत्त बहुत पहले चक्कर में पड़े थे, तो समाजवाद समाजवाद करने लगे थे। फिर समझ में आ गया समाजवाद उनके बस का नहीं है, समाजवाद तो भारत में बहुत बड़े–बड़े नेताओं के बस का न रहा। संजय दत्त पशु आहार टाइप कुछ बेचते हैं टीवी इश्तिहारों में, बाकी टाइम फिल्मों में लगाते हैं। फोकस जरूरी है। पिज्जा बेच लो या कश्मीर।

## बजट 2022-23 यानी व्यापक बदलाव लाने वाला ब्लूप्रिंट

**अस्वाभाविक, गलत अथवा काल्पनिक तथ्यों को स्थापित करने के लिए ही अधिक प्रयास करने की आवश्यकता होती है। आज इस प्रकार के प्रयासों में ही हमारी अधिकांश उपयोगी ऊर्जा का दुरुपयोग हो रहा है। जो सरल व्यक्ति होता है उसकी ऊर्जा का दुरुपयोग नहीं होता। हमारी सोच–समझ ऐसी होनी चाहिए, जिससे सकारात्मक जीवन मूल्य प्रतिष्ठित हो सकें। यह तभी संभव है जब हमारी सोच केवल...**

अनिल पद्मनाभन

समस्त सराहनीय केंद्रीय बजटों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया नवीनतम बजट निश्चित रूप से विशेष मायने रखता है। ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है कि कई राज्यों में हो रहे अत्यंत महत्वपूर्ण चुनावों को देखते हुए संभावित मतदाताओं को लुभाने के लिए वर्ष 2022–23 के केंद्रीय बजट में खुल कर मुफ्त उपहार और रियायतें बांटे जाने के तमाम अनुमान गलत साबित हुए हैं। इसी तरह ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है कि हाल–फिलहाल के वर्षों में यह किसी भी वित्त मंत्री का सबसे छोटा बजट भाषण था। दरअसल, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि भारत में अभी से लेकर अगले 25 वर्षों तक की लंबी अवधि ा में व्यापक बदलाव लाने वाला ब्लूप्रिंट इस बजट में पेश किया गया है। इसमें कोई संशय नहीं है कि हमारा देश सदी में एक बार आने वाली उस महामारी के कारण गहराए संकट से अपनी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से उबारने में अब भी जुटा हुआ है, जिसकी उत्पत्ति संभवतरू चीन के वुहान में हुई थी। लेकिन फिर भी इस केंद्रीय बजट में यह कहते हुए सरकार के पूर्ण आत्मविश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि वर्तमान संकट से पार पा लिया जाएगा और अब श्नए भारत्य के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करने का सही समय आ गया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने यह संकेत दिया है कि केंद्र सरकार अभिनव डिजिटल प्रौद्योगिकियों की अद्भुत ताकत का इस्तेमाल कर, देश में तेजी से बढ़ी संख्या में स्टार्ट–अप्स द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट उद्यम का अनुकरण करने के लिए लोगों को प्रेरित कर, और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ इन नीतिगत सुधारों को सफलतापूर्वक लागू करके सदैव अटल रहने वाले व्यापक बदलाव को साकार करने की उम्मीद करती है। फिर से शुरुआतः इस साल के बजट ने ठीक वहीं से शुरुआत की, जहां पिछले साल के श100 साल में अपनी तरह के पहले बजट्य ने छोड़ा था। निजीकरण को लेकर सरकार का निर्णय पिछले साल के बजट की सबसे बड़ी विशेषता थी। सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की अग्रणी भूमिका में रखने की ऐतिहासिक परिपाटी को हमेशा के लिए त्याग दिया गया और कारोबार जगत को अर्थव्यवस्था में बराबर का हितधारक बनाया गया। उससे पहले साल के मध्य में कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आय करों में कमी की गई।

अंतरिम तौर पर, सरकार ने 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं समेत व्यापक संरचनात्मक सुध ारों एवं व्यापार करने को और अधिक आसान बनाने के लिए प्रक्रियात्मक सुधारों को अपनाया और नई विकसित डिजिटल सुविध ाओं को बढ़ावा दिया। इस साल के बजट ने आपूर्ति से संबंधित बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने पर नए सिरे से ध्यान केन्द्रित करते हुए इस सुधारात्मक प्रक्रिया को तेज किया है। कार्यान्वयन में अवरोध को कम करने के उद्देश्य से रेलवे, हवाई अड्डों, सड़कों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक्स से संबंधित अवसंरचना के सात क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को गतिशक्ति पोर्टल के साथ जोड़ा गया है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस बजट ने पूंजीगत व्यय को 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया। इस राशि में से 1 लाख करोड़ रुपये को 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में राज्यों को उनके पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिए जाने के लिए अलग रखा गया है। इन सबके पीछे की रणनीति इन प्रमुख क्षेत्रों में निजी कॉरपोरेट निवेश को प्रेरित करने के उद्देश्य से बढ़े हुए सार्वजनिक निवेश का उपयोग करना और इस तरह उपभोग संबंध ाी मांग को प्रोत्साहित करना एवं अर्थव्यवस्था में पर्याप्त संख्या में रोजगार पैदा करना है। वित्त मंत्री के अनुसार, अकेले पीएलआई योजना अगले पांच वर्षों में 60 लाख नई नौकरियां पैदा करेगी। डिजिटल सुविधा की तेज गतिः वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रस्तावित बदलाव, नई विकसित डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाएगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन निसंदेह महामारी से पहले और इसके दौरान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के अपने बेहतर अनुभव से प्रभावित हैरू– मार्च 2020 तक लक्षित अंतरण से 1.70 ट्रिलियन रुपये की बचत हुई। डिजिटल इकोसिस्टम का लाभ उठाया गया, जिनमें 1 बिलियन से अधिक मोबाइल फोन, 600–800 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता और गरीबों के 430 मिलियन जन धन खाते शामिल है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की शीघ्र ही शुरुआत की जाएगी। आधार नंबर की डिजिटल सुविधा का उपयोग करते हुए किफायती सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो लोग विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य–आईडी का चयन करेंगे, उन्हें अपने चिकित्सा इतिहास को एक से दूसरे चिकित्सा संस्थान में ले जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उपयोगकर्ता का अनुभव बेहतर होगाय कम से कम बाहरी मरीज, टेली–मेडिसिन और चिकित्सा कर्मियों की स्वास्थ्य रजिस्ट्री में सूचीबद्ध सत्यापित विशेषज्ञों से आसानी से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल सुविधा का महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे मध्यस्थता की प्रक्रिया तेजी से समाप्त होती है। जिस तरह से एटीएम ने बैंक जाने की आवश्यकता को लगभग खत्म कर दिया उसी तरह नई डिजिटल सुविधा बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर देगी।

**मंचों से इसकी निंदा होती है, इससे टकराने के संकल्प लिये जाते हैं, लेकिन यही भाषणबाज जब बेनकाब होते हैं तो माफिया और तस्करी प्रशासन का एक हिस्सा बने नजर आते हैं। कब भ्रष्टाचार, चोरबाजारी, हाड़ तोड़ती महंगाई की यह बाधा इस देश से हटेगी। साथ ही इस देश का साधारण जन अपने पैरों के नीचे वादों की धरती नहीं, एक नये प्रभाव और सदाचार से भरी हुई धरती प्राप्त करेगा...**

## मूल प्रश्नों का समाधान हो प्राथमिकता

सुरेश सेठ

पहली फरवरी को देश की संसद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के आर्थिक वर्ष 2022–23 के लिए बजट पेश किया। बिना फाइल और कागज के पेश किये गये इस बजट को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने डिजिटल बजट कहा। बेशक बजट पेश हो जाने के बाद पूरे देश में इस पर जो विवाद उठा, आलोचना–प्रत्यालोचना हुई और इसके उत्तर में प्रधानमंत्री ने जो देश की आजादी के अमृत महोत्सव से लेकर देश की आजादी के पहली सदी उत्सव तक जो नये आर्थिक–सामाजिक ढांचे की नींव रखकर देशवासियों के लिए एक नया भारत बना देने की बात की, वह धीरज बंधाती है। यह भी बता रही थी कि देश की मूल कमियों को दूर कर एक आधुनिक भारत की नींव रखी जा रही है, जो पच्चीस साल में अपने बदलाव का खाका पेश करेगी। आजादी की पहली सदी के बीतते–बीतते इस देश की डेढ़ अरब आबादी अपने आप को आर्थिक कष्ट से रहित वैश्विक विकास के समकक्ष एक ऐसे आर्थिक व्याधियों से मुक्त समाज में सांस लेता पायेगी कि हमारी अगली पीढ़ी इसके लिए हमारा धन्यवाद कहेगी।

बेशक दीर्घकालीन विकास के लिए नींव रख देने का यह आश्वासन बहुत गर्व देता है। साथ ही देश के मौजूदा भाग्य निर्माताओं द्वारा देश के हर राज्य या केंद्रशासित प्रदेश में बह रही राहतों और रियायतों की संस्कृ ति के निर्माण की आपाधापी से अलग हो, देश के लिए एक मजबूत नींव दे देने का प्रयास दिखाता है। पिछले दिनों कोरोना महामारी के असहाय कर देने वाले दो सालों में देश के आर्थिक और सामाजिक वातावरण का बदलाव रुक गया था। देश का आर्थिक विकास तीव्र गति से विकासशील होने के स्थान पर सन् 2020 में रिकार्ड गिरावट दिखाने लगा। सकल घरेलू उत्पादन और विकास दर में गिरावट दिखी। यह सही है कि बीते वर्ष में इस महामारी की दूसरी लहर ने आम जनता के लिए मरणकाल व आक्सीजन और वेंटिलेटरों के अभाव की एक ऐसी घुटनभरी व्यवस्था दिखायी कि देश में एक भय और अटपटी मनोदशा पैदा हो गयी। इससे बचने के लिए सांत्वना आंकड़ों की रपटों का एक माहौल तो पैदा किया गया कि देश इस महामारी के विध्वंसक प्रभावों से बच निकला है। जो कि प्राणवायु के अभाव और उचित उपचार की गैर हाजिरी एक मिथ्या प्रचार है। राष्ट्रीय स्तर पर गिनें तो नाम मात्र मौतें हुई हैं। हां, राज्यों के अपने–अपने आंकड़े हो सकते हैं, लेकिन उनमें भी इस महामारी से जूझने की तत्परता रही।

जब–जब कोरोना की लहर की पहली, दूसरी और तीसरी लहर के कुप्रभाव घटे या इसकी वापसी हुई, उद्योग, निवेश और कृ षि ने एक नयी सक्रियता की सांस ली। अब आलम यह है कि देश ऋणात्मक विकास दर के माहौल से वापसी कर रहा है, साढ़े आठ प्रतिशत धनात्मक आर्थिक विकास दर तक पहुंच गया। इस आर्थिक वर्ष के अंत तक 9.2 प्रतिशत दर प्राप्त करेगा। स्वतरूस्फूर्त अर्थव्यवस्था दस प्रतिशत आर्थिक विकास दर की नींव पर खड़ी होती है, इसे हम अगले आर्थिक वर्ष में प्राप्त कर लेंगे।

निश्चय ही ये बहुत धीरज बंधाने वाले सरकारी आंकड़े हैं। उस यथार्थ की चुभन में जहां इस महामारी काल में आम लोगों की बेकारी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई हो और महानगरों में अपना नया जीवन तलाशने वाले करोड़ों लोग अपने महानगरीय या प्रवासी भारतीयों की पहचान से उखड़ गये हों। वापस, इस कृषक भारत की उपजाऊ जमीन से पैदा उत्पादों से अपने गांव–घरों के पास इन्हें समेट कर, निर्मित होते लघु और कुटीर उद्योगों के विकास में अपना आश्रय और जिन्दा रहने का स्थायी बल चाहते हों, यही धीरज रहा। इस बजट में भी नये एफपीओ बनाने, लघु और कुटीर उद्योगों के विकास के वादे हैं, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बदलने के वादे हैं, पर्याप्त धनराशि का आवंटन है, लेकिन क्या कारण है कि आम आदमी की आशंका जाती नहीं कि उसकी अपनी लाल रेखा के पीछे भी धनिक व्यवसायियों के आत्मनिर्भर भारत के नाम पर नवोन्मेष कार्यक्रमों की इजाजत दे दी गयी है। इसके कारण छोटे लोगों का स्टार्टअप अभियान करवट भी नहीं ले पाता इस महामारी काल में सरकार ने बार–बार आर्थिक बूस्टर दिये, उदार साख व्यवस्था को जिंदा रखा और निजी क्षेत्रों को कर रियायत का माहौल देकर पुनर्जीवन का माहौल दिया, लेकिन क्या कारण है कि नया निवेश बड़े पैमाने पर उत्साहित नजर नहीं आया इस वर्ष विदेशी निवेश क्यों बड़े पैमाने पर निवेशित होकर अपने मूल देशों में लौटने लगा नये करों से रहित इस बजट के प्रोत्साहन के बावजूद ध ड़ाम गिरती शेयर मार्केट में चन्द रोजा अपेक्षित प्रभाव के बावजूद कोई स्थायी उध ्विगामी प्रभाव क्यों नहीं हुआ आम आदमी की जिंदगी लौट आने का कोलाहल क्यों नहीं हुआ

नये भारत बनाने की दीर्घकालीन नीतियां तो सामने आ गयीं, लेकिन महामारी से प्रताडिघ्त देश के मध्यवर्ग और वंचित वर्ग को कोई तात्कालिक राहत नहीं मिली। इस निराश माहौल में देश के वरिष्ठ जनों और मध्यवर्ग की बचतें पहले भी धरती चूमती ब्याज दरों से संत्रस्त थीं, आज भी वही माहौल है। जिन्होंने बड़े पैमाने पर रोजगार खो दिया, वेतन–वंचित वर्ग और बचत के घटते महत्व की विभीषिका में हम बाजारों में बढ़ती मांग की उम्मीद कैसे करें कोरोना की फिर घटती लहरों में जो मांग बढ़ी है, वह विलासिता क्षेत्र या उच्च वर्ग की है, इससे आधुनिकीकरण का दावा तो हो सकता है, मरते–जीते वंचित वर्ग की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती। जब तक बेरोजगारों के लिए रोजगार, छोटे लोगों के लिए स्वप्रेरित निवेश और उसके लिए महंगाई नियंत्रण की संभावनाएं पैदा नहीं होती, तब तक इस वर्ग के लिए सस्ते दाम मूल आवश्यकताओं की पूर्ति का माहौल पैदा नहीं होगा। इनके बाजारों में अनियंत्रित महंगाई द्वारा पैदा मांग न होने की निर्जीवता छायी रहेगी।

तिस पर भ्रष्टाचार को जड़ से मिटा देने की सरकारी यलगार के बार–बार दोहराने के बावजूद अपने देश में भ्रष्टाचार और सिफारिश जुटा, काम करवाना एक जीवनशैली बन गया है।



## ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे पीआरडी जवान

देवरिया। जनपद में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों को काम मिलने का इंतजार है। चुनाव में भी 210 जवान घर पर खाली बैठे हैं। ड्यूटी नहीं लगाए जाने से नाराज जवान ................ को एसपी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे, लेकिन अवकाश के कारण मुलाकात नहीं हो सकी। उनका कहना था कि विधानसभा चुनाव में दूसरे जनपदों में सभी पीआरडी जवानों को काम मिला है लेकिन देवरिया में हम खाली बैठे हैं। जनपद में कुल 450 पीआरडी जवानों में 240 जवानों को फरवरी व मार्च में ड्यूटी लगाई गई है। शेष 210 जवान चुनाव में ड्यूटी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव में ड्यूटी लगाने के लिए आठ फरवरी को आदेश आया है। दूसरे जनपदों में पीआरडी जवानों की आमद हो गई है, लेकिन देवरिया में पीआरडी जवानों की कोई सुधि नहीं ले रहा है। विभाग के अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। जवानों ने ड्यूटी लगवाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। एसपी से मिलने गए जवानों में सचिन कुमार, सत्यानंद द्विवेदी, अशोक यादव, मनीराज प्रसाद, विजय पाल, अवधेश मिश्र, रामायण मिश्र, राम नारायण तिवारी, दहाड़ी प्रसाद आदि शामिल रहे।

## प्रशासन ने किया पोलिग पार्टियों का रवानगी स्थल निर्धारित

देवरिया। विधान सभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब जिला प्रशासन ने अगली तैयारी शुरू कर दिया है। पोलिग पार्टियों का रवानगी स्थल व स्ट्रांग रूम का स्थान निर्धारित कर दिया है। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। जनपद में तीन मार्च को मतदान होंगे। दो मार्च को पोलिग पार्टियां रवाना की जाएंगी। रुद्रपुर, देवरिया सदर व बरहज विधान सभा क्षेत्र की पोलिग पार्टियां पुलिस लाइन ग्राउंड से रवाना की जाएंगी। जबकि पथरदेवा व रामपुर कारखाना की पोलिग पार्टी राजकीय इंटर कालेज से व भाटपाररानी तथा सलेमपुर की पोलिग पार्टियां महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज से रवाना की जाएंगी। ईवीएम, वीवीपैट जमा करने के लिए भी स्ट्रांग रूम निर्धारित कर दिया गया है। रुद्रपुर, भाटपाररानी, सलेमपुर व बरहज के लिए महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जबकि देवरिया, पथरदेवा व रामपुर कारखाना विधान सभा के लिए डीएसएसएस कसया बाइपास रोड में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। अर्ध सैनिक बल के जवानों के साथ ही सीसीटीवी कैमरे से स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जाएगी।

## पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद की पत्नी के दोनों असलहों के लाइसेंस होंगे निरस्त

देवरिया। रुद्रपुर से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद की पत्नी मीरा देवी के दोनों असलहों के लाइसेंस निरस्त होंगे। मदनपुर थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने इस संबंध में रिपोर्ट एसपी को भेज दी है। दोनों असलहों के साथ पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद के चुनाव प्रचार करने का वीडियो वायरल होने पर मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई है। गोरखपुर के दवनाडीह गांव के रहने वाले पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद रुद्रपुर विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी हैं। उनकी ससुराल तरकुलवा थानाक्षेत्र के जमुनी गांव में है। उनकी पत्नी मीरा देवी ने अपने मायके जमुनी गांव के पते पर रायफल व डबल बैरल बंदूक का लाइसेंस जारी कराया है।

इन असलहों को चुनाव में जमा नहीं किया गया है। सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद दोनों असलहों के साथ मदनपुर कस्बे में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जिसका वीडियो वायरल होने पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया। पुलिस ने रामभुआल निषाद समेत 53 समर्थकों के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता, आपदा अधिनियम व दो के विरुद्ध आर्घ्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई मदनपुर थानाध्यक्ष बीबी राजभर की तहरीर पर हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों असलहे तरकुलवा थाने के जमुनी गांव के पते पर जारी हुए हैं। रुद्रपुर से सपा प्रत्याशी रामभुआल निषाद की पत्नी के नाम से रायफल व डबल बैरल बंदूक का लाइसेंस देवरिया से जारी किए गए हैं, जिसके साथ वह चुनाव प्रचार कर रहे थे। दोनों असलहों के लाइसेंस निरस्त किए जाने के संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

## डा. श्रीपति मिश्र, एसपी, देवरिया सपा प्रत्याशी गजाला लारी के विरुद्ध मुकदमा

देवरिया। भटनी के 115 नंबर रेलवे ढाला के समीप बाइपास पर बिना अनुमति दो वाहनों से सपा प्रत्याशी गजाला लारी का प्रचार किए जाने का मामला सामने आया है। उड़नदस्ता प्रभारी ईओ नगर पंचायत भटनी मंगला प्रसाद यादव की तहरीर पर पुलिस ने सपा प्रत्याशी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उड़नदस्ता प्रभारी ने बताया कि शाम करीब 6.30 बजे बिना अनुमति के दो वाहनों में डीजे रखकर सपा प्रत्याशी का प्रचार किया जा रहा था। जब वाहन चालकों से अनुमति दिखाने को कहा गया तो वह नहीं दिखा सके। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

शिकारपुर। शिकारपुर–घुघली मार्ग पर स्थित प्रभावती देवी मोती प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेलवा–टीकर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व संस्था के प्रबंधक डा. सुभाष चंद पांडेय एवं प्राचार्य डा. अभिषेक कुमार मिश्र ने किया। डा. सुभाष चंद पांडेय ने कहा कि मतदान आपका अधिकार है। रैली में डीएलएड के विभागाध्यक्ष रामअशीष शर्मा, संरक्षक शशि कुमार पांडेय, राजेश्वर तिवारी, योगेश्वर सिंह, विवेक मिश्र, प्रज्ज्वल दुबे, अशोक धर दुबे,श्रीराम प्रजापति, प्रभाकर कुमार,मनोज पांडेय, रामदास प्रजापति,कन्हैया साहनी आदि उपस्थित रहे।

## भूसी लदे ट्रक ने ई–रिक्शा को मारी ठोकर, दो महिलाएं घायल

नौतनवा। थाना क्षेत्र के नगर पालिका गांधी चौक पर दोपहर भूसी लदे ट्रक ने ई–रिक्शा को ठोकर मार दी। दुर्घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं। उनका निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। नौतनवा–ठूठीबारी मार्ग पर भूसी लादकर ट्रक नेपाल जा रहा था। गांधी चौक के पास सामने से आ रही ई रिक्शा को ठोकर मार दी। ई रिक्शा पलट गया। उसमें सवार नौतनवा निवासी गरिमा व लुमिना को हाथ व पैर में चोटे आई हैं। इस घटना से लोग ट्रक चालक पर आक्रोशित हो गए। नगर के धीरेंद्र सागर, अमित जायसवाल, पवन, विशाल जायसवाल, राहुल जायसवाल, रहमत अली, राजेश गुप्ता, सुग्रीव प्रसाद आदि ने कहा कि भारी वाहनों को सुबह नौ बजे पहले व रात नौ बजे बाद ही आवागमन की छूट प्रशासन को देनी चाहिए।

# देवरिया में पांच वर्ष में बेहतर हुई बिजली व्यवस्था

देवरिया। जनपद की बिजली व्यवस्था पांच साल में बेहतर हुई है। शहर से लेकर गांवों में भी पर्याप्त बिजली आपूर्ति मिल रही है। इसके चलते बहुत से गांवों में रोजगार सृजन को बल मिला है। गांवों में लोग तरह–तरह के उपकरण लगाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं। जनपद में सवा चार लाख बिजली उपभोक्ता हैं। 2017 से पहले जनपद में जिला मुख्यालय को 18 घंटे, ग्रामीण क्षेत्रों को 12 से 14 घंटे बिजली आपूर्ति बमुश्किल मिलती थी, लेकिन 2017 के बाद जिले की बिजली व्यवस्था बदली है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना व सौभाग्य विद्युतीकरण योजना से जनपद की बिजली व्यवस्था बेहतर हुई है। अब जिला मुख्यालय को 24 घंटे, तहसील व नगर पंचायत मुख्यालय को 21 घंटे तो गांवों को 18 घंटे बिजली आपूर्ति मिल रही है। बिजली आपूर्ति का लाभ शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के लोगों को भी मिल रहा है। जिले में लगाए गए हैं नए ट्रांसफार्मरः जिले में शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी बिजली आपूर्ति करने के लिए 17982 छोटे–बड़े ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, जिसमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना व सौभाग्य विद्युतीकरण योजना से 4987 नए ट्रांसफार्मर पांच वर्ष के अंदर लगाए गए। साथ ही 7411 ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि हुई है। ऐसे में फाल्ट की समस्या में कमी आई है। तीन नए विद्युत उपकेंद्र की हुई स्थापनाः क्षेत्र के महेन, मदनपुर व सलेमपुर विद्युत वितरण खंड के बनकटिया दुबे में पांच साल के अंदर तीन नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की गई है और यहां से बिजली आपूर्ति भी बहाल हो चुकी है। जबकि रुद्रपुर के सूरजपुर में नया विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। बिजली आपूर्ति बेहतर मिली तो स्वरोजगार को मिला बलः बरहज तहसील के ग्राम बढ़या हरदो के विक्रांत सिंह पहले बुलंदशहर में एक कंपनी में काम करते थे। बिजली बेहतर मिली तो अपने गांव में आकर फैक्ट्री स्थापित किया। अब मिट्टी से कुल्हड़ समेत अन्य सामान बनाकर बेचते हैं और लाखों की कमाई कर रहे हैं। बरहज के महेन के रहने वाले मनीष कुमार गुप्ता पहले विदेश में नौकरी रहते थे। कोरोना संक्रमण काल में यहीं रुक गए और बिजली बेहतर मिलने पर उन्होंने गांव में ही चप्पल बनाने वाली मशीन को स्थापित कर दिया। आज वह लाखों रुपये महीने कमा रहे हैं। उनके यहां तैयार चप्पल का देवरिया के अलावा पड़ोसी जिला मऊ व गोरखपुर में भी आपूर्ति होती है। यह तो एक बानगी मात्र है।

92 मिलियन यूनिट बिजली की जिले में हो रही आपूर्तिः जिले में बिजली व्यवस्था पहले से काफी बेहतर हुई है। 2017 से पहले जिले में 72 से 75 मिलियन यूनिट की बिजली की आपूर्ति होती थी, जबकि इन दिनों 92 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति हर महीने हो रही है। आंकड़ों पर गौर करें तो जनवरी में जिले में 92 मिलियन यूनिट की खपत बिजली की हुई है। इनकी भी सुनेः पहले बिजली आपूर्ति की स्थिति काफी खराब थी। बिजली का रोस्टर निर्धारित होता था, यदि फाल्ट हो गया तो ठीक करने में निर्धारित रोस्टर गुजर जाता था और बिजली नहीं मिलती थी। इन दिनों बिजली आपूर्ति बेहतर हुई है।

प्रवीण सिंह, मस्जिदया, पथरदेवा भाजपा सरकार में बिजली के इंतजाम बेहतर हुए हैं। शुरुआती दौर में बिजली व्यवस्था कुछ गड़बड़ रही, लेकिन अब बिजली इंतजाम बेहतर हो गया है। आप यह नहीं देखना रहता कि बिजली कब आएगी। योगेंद्र सिंह, भगवान मांझा, रुद्रपुर बसपा व सपा सरकार में जिले की बिजली व्यवस्था काफी खराब हो जाती है। बसपा सरकार में तो दो से तीन घंटे बिजली मिलती थी। भाजपा सरकार में बिजली इंतजाम बेहतर हुआ है। इससे लोगों को काफी लाभ भी मिल रहा है। राम बाबू कामधेनवा, रामपुर कारखाना इस सरकार में बिजली व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। बहुत से लोगों के घर तो अब इन्वर्टर की जरूरत नहीं रहती। पहले चौराहे से लेकर गांवों तक लोगों में भी लोगों को जनरेटर का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन अब जनरेटर का उपयोग लोग किसी कार्यक्रम में ही करते हैं। राकेश दुबे, दोघड़ा, सलेमपुर जिले में बिजली संसाधन पिछले पांच वर्षों में बढ़े हैं। ट्रांसफार्मर, विद्युत उपकेंद्रों की संख्या बढ़ी है। साथ ही जर्जर तार बदल कर नए लगाए गए हैं। जिससे आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है।

## मतदान प्रक्रिया से रूबरू कराएगा डीईओ

महराजगंज। विधानसभा चुनाव में तैनात मतदान कार्मियों के लिए अच्छी खबर है। मतदान की बारीकियों को घर बैठे समझने के लिए मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने पहल की है। जिला निर्वाचन कार्यालय (डीईओ) महराजगंज के नाम से यू ट्यूब पर अकाउंट बना मतदान कराने की सभी जानकारी अपलोड की गई है। कोई भी कार्मिक व आमजन एक क्लिक कर मतदान की प्रक्रिया से रूबरू हो सकेंगे । यू ट्यूब पर अपलोड वीडियो में पार्टी रवानगी स्थल पर सामग्री मिलान व प्राप्त करना, मतदान के समय लिफाफा व बैग कैसे तैयार करने, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का मिलान करने के बारे में बताया गया है। माक पोल, इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन और वोटर वेरीफाइड ट्रेल पेपर को जोड़ने की प्रक्रिया, पीठासीन अधिकारी के दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन में एरर किस कारण से आती है, इसे भी समझाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि चुनाव में मतदान कार्मिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसलिए यू ट्यूब पर अकाउंट बनाकर मतदान कराने की सभी जानकारी अपलोड की गई है। अगर कार्मिक को किसी बिदु पर दिक्कत हो, तो वह इसके माध्यम से समस्या का समाधान कर सकता है। यह कार्मिकों के लिए काफी मददगार होगी।

# कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन

देवरिया। विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाने की प्रक्रिया जारी है। कलेक्ट्रेट स्थित एनआइसी में सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के 2733 बूथों के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रेक्षकों ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। जनपद के 2733 बूथों में 156 क्रिटिकल व 133 वल्नरेबल बूथ हैं। इन बूथों पर तीन मार्च को मतदान होना है। इसके लिए पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय यानी चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा दस प्रतिशत कर्मचारी अतिरिक्त रखे जाएंगे। कुल 12036 कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। जिनके द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। उनके अलावा 314 माइक्रो आब्जर्वर का भी रेंडमाइजेशन किया गया। माइक्रो आब्जर्वर क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर विशेष निगरानी करेंगे। प्रेक्षकों ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती व वेबकास्टिग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान के दिन तैनात महिला कर्मियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा। इस मौके पर प्रेक्षक रुद्रपुर नरेंद्र दुग्गा, प्रेक्षक रामपुर कारखाना मनोज कुमार साहू, प्रेक्षक पथरदेवा सीएन मीना, प्रेक्षक देवरिया सदर एसजे चिरु, प्रेक्षक भाटपाररानी तरुण भटनागर, प्रेक्षक सलेमपुर डा.राजेन्द्र भरुद, प्रेक्षक बरहज एस जयंती, जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष निरंजन, सीडीओ रवींद्र कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर पंकज, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्णानन्द यादव, जिला विकास अधिकारी श्रवण राय, बीएसए सन्तोष कुमार राय आदि मौजूद रहे।

## बैलेट यूनिट में प्रत्याशी क्रम व्यवस्थित करने का कार्य 19 से

महराजगंज। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के चुनाव में मतदान के लिए प्रयोग की जाने वाली ईवीएम, वोटर वेरीफाइड पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निग अफसर द्वारा प्रत्याशियों का क्रम व्यवस्थित करने, बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाने एवं सीलिग का कार्य 19 फरवरी को सुबह 10 बजे से कलेक्ट्रेट में शुरू किया जाएगा। इसके लिए अलग–अलग स्थान निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम में प्रत्याशी सेटिग, बैलेट यूनिट में मतपत्र लगाने एवं सीलिग का कार्य ट्रेजरी कक्ष– ए, स्टोर रूम नंबर 52 तथा बरामद में किया जाएगा। इसी प्रकार नौतनवा विधानसभा का आपदा स्टोर रूम नंबर 27, डाकघर के पीछे रूम नंबर 32 ए, कक्ष संख्या 32 बी एवं बरामदे में किया जाएगा। सिसवा विधानसभा के लिए ट्रेजरी पेंशनर कक्ष सामूहिक बीमा कक्ष–ए, सामूहिक बीमा कक्ष–बी एवं सामने के बरामदे में किया जाएगा। महराजगंज सदर का जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय के सामने हाल, प्रथम तल एवं बरामदे में तथा पनियरा विधानसभा के लिए एनआइसी के सामने हाल के प्रथम तल एवं सामने के बरामदे में ईवीएम, वीवीपैट की सीलिग का कार्य किया जाएगा। इन स्थानों पर पहचान पत्र दिखाए जाने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। हाल को सैनिटाइज किया जाएगा। हाल, बरामदे के अंदर मोबाइल, इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि तथा माचिस, सिगरेट, धूम्रपान एवं शस्त्र आदि प्रतिबंधित रहेगा।

# लोकतंत्र में भागीदार बने किन्नर समुदायः डीएम

महराजगंज। चुनाव सबकी भागीदारी से ही सही मायनों में पूरा होता है। किन्नर समुदाय की भी समाज के निर्माण व लोकतंत्र में भूमिका महत्वपूर्ण है। चुनाव में मतदान करना लोकतंत्र की सफलता के लिए अहम है। इसलिए मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी लोग मतदान में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाएं। यह बाते डीएम सत्येन्द्र कुमार ने कही। वह समाज कल्याण विभाग और सृष्टि सेवा संस्थान के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान मतदान करे महराजगंज के अंतर्गत विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य किन्नर समुदाय की शत–प्रतिशत वोटिग सुनिश्चित करना है। जनपद में कुल 83 मतदाता हैं और प्रयास है कि सभी लोग वोट जरूर दें। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम किन्नर समुदाय के साथ–साथ सभी लोगों को अपने मत का प्रयोग करने का संदेश देना चाहते हैं। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि चुनाव में मतदान से कोई भी मतदाता वंचित न रहे। इस संदर्भ में दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई है और प्रशासन ऐसे 200 लोगों से घर जाकर मतदान करवाएगा। न केवल अपना मत दीजिए बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कीजिए। स्वीप प्रभारी और जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने किन्नर समुदाय से कहा कि प्रत्येक शुभ कार्य में उनके आशीर्वाद की आवश्यकता होती है। इसलिए मतदान द्वारा लोकतंत्र को भी अपना आशीर्वाद दीजिए और सबसे पहले पहुंचकर वोट डालिए। किन्नर गुरु रोशनी ने कहा कि मैं अपने समुदाय की ओर से सभी को आशीर्वाद देती हूं। हमारे लिए गौरव की बात है कि लोकतंत्र में हमारी भूमिका को पहचान दी गई। मैं अपने समुदाय सहित सभी लोगों से कहना चाहती हूं कि भारतीय नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है और इसका प्रयोग तीन मार्च को जरूर करें। कार्यक्रम में किन्नर समुदाय के सदस्यों को डीएम ने पुष्प व शाल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सदस्यों को प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार पांडेय, अखिलेश पांडेय, विजया पाठक, मृणालिनी तिवारी, रीता शर्मा, कन्हैया लाल, अनिकेत कुमार तथा किन्नर समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

महराजगंज। श्यामदेउरवा क्षेत्र के परतावल–पनियरा मार्ग पर महादेवा चौराहे के समीप दो बाइकों की टक्कर में तीन सवार घायल हो गए। महादेवा निवासी शफीक बाइक से हरपुर तिवारी गांव जा रहे थे। इसी बीच सामने से आई बाइक से टक्कर हो गई। उस बाइक पर सोहरौनाराजा निवासी अखिलेश व बिरन सवार थे। टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों व पुलिस की सहायता से घायलों को सीएचसी परतावल में भर्ती कराया गया।

# एसपी नार्थ ने किया आईजीआरएस कक्ष का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पुलिस ऑफिस संभाग में स्थिति आईजीआरएस कक्ष का किया औचक निरीक्षण आईजीआरएस प्रभारी सहित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का इमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए अपने कार्यों को करें जिससे गोरखपुर जनपद आइजीआरएस पोर्टल पर टॉप फाइव लिस्ट में दिखाई दे यह तभी संभव है जब आईजीआरएस के सभी कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने अपने कार्य करेंगे आइजीआरएस पोर्टल पर आज 207 मामले लंबित पाए गए 6 डिफाल्टर एसपी नार्थ ने डिफाल्टर क्यों पाए गए हैं आइजीआरएस कर्मचारियों से जवाब मांगा लंबित सभी मामलों को गुणवत्ता युक्त वादी से टेलीफोन या अपने कार्यालय बुला कर वार्ता करते हुए निस्तारित करें जिससे वादी के समस्याओं का समाधान हो सके डिफाल्टर की श्रेणी में झगहा दो सिकरीगंज दो बांसगांव एक खोराबार के एक मामले प्रचलित है गोला बेलघाट गुलरिहा आईजीआरएस निस्तारण में सबसे बेहतर कार्य कर रहे हैं वही गीडा थाना की स्थिति सबसे खराब है। आईजीआरएस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए। सूचीबद्ध भूमि विवादों के निस्तारण व उनमें निरोधात्मक कार्यवाही की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।अभिलेखों के रखारखाव को दुरुस्त करने के लिए कहा। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने आईजीआरएस प्रभारी से कहा कि रिपोर्ट प्रेषित करने से पूर्व हमसे वार्ता किया जाए उसके बाद ही अग्रिम कार्यवाही के लिए रिपोर्ट प्रेषित किया जाए आइजीआरएस संदर्भ आख्या सिर्फ कागजों पर ही नहीं दिखाई देना चाहिए हकीकत में वादी को न्याययोचि न्याय मिलना चाहिए जिससे आइजीआरएस प्रार्थना पत्र की संख्या कम हो सके और वादी को न्याय मिल सके।



## विधानसभा क्षेत्र की सीमाओं पर भी निगरानी

महराजगंज। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नेपाल से जुड़े मार्गो के साथ जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं पर निगरानी तेज कर दी गई है। वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। उड़नदस्ता पूरी तरह सक्रिय हो गया है और निर्वाचन कंट्रोल रूम से उसकी निगरानी की जा रही है। इसके लिए सभी टीमों के वाहनों में जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) लगाया गया है। ये टीमें कब, कहां, कितनी देर रहीं, इन सब की जानकारी कंट्रोल रूम प्रभारी के पास उपलब्ध हो जा रही है। इस बार चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए हाईटेक सिस्टम का सहारा लिया जा रहा है, ताकि चुनाव में पल–पल की जानकारी मिलती रहे। जीपीएस के जरिये अधिकारी अपनी सुविधा अनुसार यह पता कर लेंगे कि कौन सी टीम किस जगह पर भ्रमण पर है। इन्हें आठ–आठ घंटे के अंतराल पर 24 घंटे क्षेत्र में भ्रमण करते रहना है। इनका कार्य राजनीतिक पार्टियों, प्रत्याशियों की हर गतिविधि पर नजर रखना है। जीपीएस लगाए जाने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अगर चुनाव कंट्रोल रूम में कहीं से किसी प्रकार की आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना मिलती है, तो जीपीएस के जरिये ट्रैक कर लिया जाएगा। इससे कार्रवाई में सुविधा होगी।

## प्रेक्षकों ने सी–विजिल कक्ष का किया निरीक्षण

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. चंद्रकांत पुलकुंडवार ने वीडियो अवलोकन कक्ष, सी–विजिल कक्ष, मीडिया सेण्टर, झिंगहाघाट, थाना दरगाह शरीफ इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण कर आचार संहिता, व्यय अनुवीक्षण इत्यादि का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इसके अलावा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी के प्रेक्षक देवाशीष दास ने भी सी–विजिल कक्ष का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक के लाइजिंग आफीसर्स व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी के चारों प्रत्याशियों ने किया नामांकन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोनभद्र जिले के चारों विधानसभा के प्रत्याशियों ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर हजारों की तादात में कांग्रेस कार्यकताओं ने रॉबर्ट्सगंज विधानसभा से कांग्रेस प्रत्यासी कमलेश ओझा, घोरावल से बिदेश्वरी सिंह , ओबरा से रामराज सिंह गोड, दुद्धी से बसंती पनिका ने अपने अपने समर्थकों के साथ शहर कांग्रेस कार्यलय पहुंचे , वहा से राबर्ट्सगंज शहर में छत्तीसगढ़ सरकार के रसद,खाद्य और सांस्कृतिक मंत्री अमरजीत भगत और छत्तीसगढ़ सरकार के संसदीय सचिव चिंतामणि महाराज के साथ कार्यवाहक जिला अध्यक्ष फरीद अहमद के साथ हजारों



की तादात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। उसके बाद प्रत्याशियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना अपना नामांकन किया। कार्यकताओं का जोश देखने लायक था, उकसे बाद जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने मंत्री अमरजीत भगत ने कहा की जनता का आपार समर्थन मिल रहा है यहां किसानों ,नौजवानों के साथ अन्याय करती थी बीजेपी सरकार महिलाओ पर अत्याचार चरम पर है। प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में 2022में कांग्रेस सरकार बनाएगी। उक्त मौके पर शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, अरविंद सिंह, ईश्वरी नारायण सिंह, अशोक सिंह, जिला प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा, नूरुद्दीन, अमित चौबे, जितेंद्र पासवान, मुश्ताक अहमद, उषा चौबे, बेबी सिंह,नागेश पाठक, बृजेश तिवारी, मनोनित रवि, अमरेश देव पाण्डेय, सूरज यादव, सोनी गुप्ता, धीरज पाण्डेय, कौसलेष पाठक, आकाश वर्मा, रुकसार नाज, प्रदीप चौबे, बंशीधर पांडे, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# यूपी चुनाव में अखिलेश का एक और वादा, बोले– नौकरियों के लिए आवेदन की बढ़ाएंगे उम्र सीमा

औरेया। यूपी विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए पूरी ताकत झोंक रहे राजनीतिक दलों और नेताओं ने विरोधियों पर वार तेज कर दिए हैं। वादों की झड़ी लगाने का सिलसिला भी जारी है। बुधवार को सपा के राष्ध्ट्रीय अध्ध्यक्ष



अखिलेश यादव ने औरेया में यूपी के नौजवानों से एक और वादा किया। उन्ध्होंने कहा कि वे खाली पड़े 11 लाख पदों को भरेंगे और आवेदन के लिए उम्र सीमा में छूट भी देंगे। गर्मी निकालने वाले बयान पर कसा तंजः अखिलेश ने कहा कि कोरोना काल में बहुत से प्रतियोगी ओवरएज हो गए हैं। फार्म भरने की उम्र निकल चुकी है। ऐसे लोगों को बढ़ी हुई उम्र सीमा का लाभ मिलेगा। उन्ध्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण के चुनाव के बाद से ही भाजपा के नेताओं की गर्मी निकल गई है। मंत्री के बेटे को जनता की अदालत ने जमानत नहीं दी है, भले ही देश की अदालत ने दे दी है। उन्ध्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि गर्मी निकाल देंगे, उनके समर्थक पहले ही चरण में ठंडे पड़ गए हैं। दूसरे चरण में जिस तरह का वोट पड़ा है, उनके कार्यकर्ता सुन्न हो गए हैं। तीसरे चरण में तो भाजपा का खाता भी नहीं खुलेगा, शून्य हो जाएगा। भाजपा के लोग जाति जनगणना, पिछड़ों की गिनती और दलितों की गिनती इसलिए नहीं कराना चाहते क्योंकि इन वर्गों के लोग सिर्फ कागजों पर पिछड़े हैं। भाजपा वाले जातियों को लेकर झगड़ा लगा देते हैं। सरकार बनने के तीन महीने में जातीय जनगणनाः सपा अध्ध्यक्ष ने कहा कि उनकी सरकार बनी तो तीन महीने के अंदर ही जाति जनगणना कराई जाएगी। इससे आबादी के हिसाब से सबको सबका हक मिल सकेगा। सांड की टक्कर से मौत पर मुआवजाः सीएम योगी आदित्ध्यनाथ पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उनका प्रिय जानवर टक्ध्कर मारकर लोगों की जान ले रहा है। सपा ने तय किया है कि सांड की वजह से यदि किसी की जान गई तो उसके परिवार को पांच लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। उन्ध्होंने कहा कि प्रदेश के लोग बिजली के बढ़े हुए बिलों से परेशान थे। सपा ने तीन सौ यूनिट तक फ्री घरेलू बिजली देने का वादा किया है।

# दुर्घटना को दावत दे रहा खुले में रखा ट्रांसफार्मर

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थिति ए 1ध्8 व ए 1ध्9 टाइप तिराहे पर विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के चलते खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहा हैं। खुले में रखे 400 वीए का रखा ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। विभागीय जिम्मेदार किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के अधिशासी अभियंता निर्माण एवं संयंत्र निदेशालय इंजीनियर ओम प्रकाश से जब खुले में रखे ट्रांसफार्मर के संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि 400 बीए के ट्रांसफार्मर खुले में रखे जा सकते हैं। इससे किसी प्रकार के हादसे का कोई खतरा नहीं रहता है। यह तो रोड के किनारे रखा गया है वहां पर किसी के जाने का औचित्य ही नहीं होता तो घटना वहां पर कैसे घटेगी।

# बसपा प्रमुख मायावती ने बताया सपा के सत्ता से हटने पर क्या थी बीजेपी से उम्मीद

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और मतदाताओं से इन दलों को वोट न देने की अपील की। मायावती ने आरोप लगाया कि सपा की तरह भाजपा सरकार की भी दलितों और अन्ध्य पिछड़े वर्गों संतों, गुरुओं और इनके महापुरुषों के प्रति जातिवादी मानसिकता साफ झलकती है, इसलिए चुनाव में सपा के साथ–साथ भाजपा को भी सत्ता में आने से जरूर रोकना होगा।

बुधवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के स्मृति उपवन में लखनऊ मंडल के बसपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित जनसभा में बसपा प्रमुख मायावती ने संत रविदास को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संत रविदास ऐसा शासन चाहते थे जिसमें सबको रोटी, कपड़ा और मकान मिल सके लेकिन संत की जयंती पर हर साल अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने वालों ने कभी भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया।

श्भाजपा से की थी बदलाव की उम्मीद लेकिन...श

पूर्व मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा



और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, श्श्मैं सोच रही थी कि शायद सपा की सरकार हटने के बाद भाजपा के लोग बदलाव लाएंगे लेकिन सपा की तरह भाजपा सरकार की भी दलितों और अन्ध्य पिछड़े वर्गों संतों, गुरुओं और इनके महापुरुषों के प्रति जातिवादी मानसिकता साफ झलकती है, इसलिए चुनाव में सपा के साथ–साथ भाजपा को भी सत्ता में आने से जरूर रोकना होगा।श्श उन्होंने कहा, श्श्भाजपा सरकार की नीतियां और कार्यशैली जातिवादी, पूंजीवादी और आरएसएस की संकीर्ण एजेंडे को ही लागू करने पर दिख रही है।श्श

अराजक तत्वों को भेजा जाएगा जेलः मायावती

बसपा प्रमुख ने कहा, श्श्बसपा सभी विधानसभा सीटों पर अकेले अपने दम पर पूरी दमदारी से लड़ रही है और 2007 की ही तरह पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए लड़ रही है ताकि वर्तमान में भाजपा के चल रहे जातिवादी, संकीर्ण व तानाशाही वाले शासन से मुक्ति मिल सके।श्श उन्होंने बसपा की सरकार बनने पर सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया और कहा कि अराजक तत्वों को जेल के अंदर भेजा जाएगा। मायावती ने कहा कि ध्रना–प्रदर्शन के नाम पर जिन लोगों के खिलाफ गलत मुकदमे दर्ज कराए गए हैं उनकी सही से जांच कराकर मामलों को खत्म किया जाएगा और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना लागू करने के साथ ही आयोग बनाकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

संत रविदास का सपना साकार करने के लिए बसपा सरकार जरूरीः संत रविदास के दिखाए रास्ते पर चलने का दावा करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा की सरकार ने इनकी इस बात पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अमल किया और इनके (संत रविदास) नाम पर जनहित के अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास के सपनों को साकार करने के लिए पार्टी के लोगों को फिर से बसपा की सरकार बनाना बहुत जरूरी है, यही इनके प्रति आपकी सच्ध्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि इस चुनाव में आप अपना वोट, कांग्रेस, भाजपा और सपा समेत अन्ध्य विरोधी पार्टियों को न देकर केवल अपनी एक मात्र हितैषी पार्टी बसपा को ही देना है। श्गलत नीतियों से सत्ता से बाहर है कांग्रेसः मायावती ने आरोप लगाते हुए कहा, श्श्आप लोगों को मालूम है कि आजादी के बाद से काफी लंबे समय तक देश और अधिकांश राज्यों में कांग्रेस पार्टी की सरकारें रही हैं किंतु इनकी गलत नीतियों और गलत कार्यप्रणाली के कारण कांग्रेस देश और अन्ध्य राज्ध्यों समेत उत्तर प्रदेश से भी सत्ध्ता से बाहर हो चुकी है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी जबर्दस्त जातिवादी होने के कारण शुरू से ही हर मामले में खासकर यहां दलित, आदिवासी व अन्य पिछड़ा वर्ग की विरोधी रही है।

कांग्रेस ने नहीं दिया बाबा साहब को भारत रत्नरू मायावती

मायावती ने आरोप लगाया कि सत्ता में लंबे समय तक रही कांग्रेस ने बाबा साहब को पात्र रहते हुए भी भारत रत्ध्न से सम्ध्मानित नहीं किया और उनके आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले कांशीराम साहब के देहांत होने पर भी केंद्र में सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी ने उनके सम्मान में एक दिन के लिए भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। उन्होंने कहा कि इस पार्टी ने आरक्षण संबंधी मंडल आयोग की रिपोर्ट को भी लागू नहीं किया जिसे बसपा ने अपने कड़े संघर्ष व अथक प्रयासों से केंद्र में रही वी पी सिंह की सरकार से लागू कराया था और वी पी सिंह की सरकार ने ही बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया था।

सपा शासन में पिछड़ों–दलितों से सौतेला व्यवहाररू बसपा प्रमुख

मायावती ने कहा कि सपा के शासन में एक समुदाय तक ही शासन सीमित रहा और खासकर दलितों और अति पिछड़े वर्गों के संतों, गुरुओं और महापुरुषों के साथ अधिकांश समय इनका सौतेला रवैया रहा। मायावती ने दावा किया कि अखिलेश यादव की सपा सरकार ने प्रदेश में एससी–एसटी (अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति) का सरकारी क्षेत्रों में पदोन्नति में आरक्षण खत्म कर दिया था, इसकी व्यवस्था पहली बार बसपा की सरकार में की गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एससी–एसटी के छात्रों को विदेश जाकर पढ़ाई करने की योजना को सपा सरकार ने खत्म कर दिया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा शासन में पंचशील नगर का नाम बदलकर हापुड़ कर दिया था, संत रविदास नगर का नाम बदलकर भदोही कर दिया, भीम नगर का नाम बदलकर संभल कर दिया और इसी प्रकार कई जिलों का नाम सपा सरकार ने बदल दिया। उन्होंने तंज किया कि अखिलेश यादव का यही समाजवाद है और ऐसे समाजवादी को किसी भी कीमत पर अपना वोट नहीं देना है।

बीजेपी सरकार में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहींरू मायावतीः मायावती ने आरोप लगाया कि धर्म के नाम पर हमेशा यहां पर तनाव और नफरत का वातावरण बना रहा और प्रदेश में अपराध भी वर्तमान भाजपा सरकार में काफी बढ़े, खासकर दलित, अल्पसंख्यक और महिलाएं इस सरकार में कतई सुरक्षित नहीं रहे हैं। उन्होंने उन्ध्नाव कांड का उदाहरण दिया और मीडिया में सच्चाई दबाने का भी आरोप लगाया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि दलितों और पिछड़ों को मौजूदा भाजपा सरकार में आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि ज्यादातर सरकारी कार्य निजी क्षेत्र से कराये जा रहे हैं जिसके लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों में भी इनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया जाता है। उन्ध्होंने भाजपा सरकार में अल्पसंख्यकों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

# स्टोरी मिरर मुंबई द्वारा डॉक्टर बृजेश हुए सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। स्टोरी मिरर मुंबई द्वारा आयोजित स्कूल लेखन प्रतियोगिता सीजन–3 में डा बृजेश महादेव ने प्रतिभाग कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया. स्टोरी मिरर के सह संस्थापक एवं सीईओ बिभुदत्ता ने कहा कि आपकी कल्पना शक्ति आपको आगे ले जा सकती है। स्कूल लेखन प्रतियोगिता सीजन 3 में डॉ बृजेश द्वारा कल्पना शक्ति का उपयोग करके प्रभावित करने वाली सुंदर रचना स्टोरी मिरर को पसंद आई जिसके फलस्वरूप उन्हें प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जा रहा है. बता दें कि डॉक्टर बृजेश महादेव स्टोरी मिरर के द्वारा साहित्यिक लेफ्टिनेंट एवं साहित्यक कैप्टन के रूप में सम्मानित किए जा चुके हैं. डॉ बृजेश जनपद सोनभद्र के जिला प्रभारी भी हैं. इस अवसर पर विकासखंड के प्रभारी अजय यादव नगवा, जय श्री विश्वकर्मा चतरा, राजेंद्र प्रसाद सिंह घोरावल, सरिता जैसवार रावटसगंज, सुमन सिंह चोपन, मनीषा सिंह म्योरपुर, रामगोपाल यादव बभनी एवं रामकुमारी दूद्धी सहित सभी साहित्यिक मित्रों द्वारा बधाई दी गई. लेखन के क्षेत्र में डॉक्टर बृजेश महादेव एक दशक से सक्रिय हैं और इस दौरान कविता कहानी और विविध विधा में दर्जनों पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

# डाला पुलिस द्वारा फर्जी परमिट बनाकर अवैध बालू परिवहन करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस उपमहानिरीक्षकध्पुलिस अधीक्षक सोनभद्र



अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में चौकी डाला पुलिस द्वारा फर्जी परमिट बनाकर अवैध बालू परिवहन करने से सम्बन्धित मामले में थाना चोपन पर पंजीकृत मु0 में एक अभियुक्त गुलाब प्रसाद उर्फ छोटू पुत्र बेचू निवासी विसरेखी थाना घोरावल सोनभद्र को बुधवार को डाला बैरियर से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 मनोज कुमार ठाकुर चौकी प्रभारी डाला, थाना चोपन, सोनभद्र। हे0का0 परमेन्द्र राय चौकी डाला,थाना चोपन,सोनभद्र रहे।

# फ्लैट में अकेली रह रही महिला ज्योतिषी की हत्या,गहने और नकदी लेकर भागे हत्यारे

## पुलिस आयुक्त समेत आलाधिकारी,फोरेंसिक टीम पहुंची मौके पर

कानपुर। शहर के पॉश कहे जाने वाले स्वरूप नगर में देर रात फ्लैट में अकेली रह रही ज्योतिष एवं वास्तुविद् महिला विशेषज्ञ की लूटपाट के बाद हत्या कर दी गई। बदमाशों ने घर पर मौजूद नौकरानी को बंधक बनाने के बाद वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को अपार्टमेंट के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस और क्राइम ब्रांच ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। स्वरूप नगर के कॉनकॉर्ड अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल के फ्लैट नंबर 307 में मधु कपूर (68) अकेली रहती थीं। घर पर सावित्री नाम की नौकरानी उनकी देखरेख करती है। नौकरानी को बंधक बनाकर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। मधु ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र की विशेषज्ञ थीं। वर्ष 2016 में उनके अधिवक्ता पति विश्वनाथ कपूर का निधन हो चुका है। परिवार में दो बेटियां अलका कंचन और डॉ नीरू टंडन हैं। छोटी बेटी डॉ.नीरू नवाबगंज स्थित वीएसएसडी कॉलेज मेंअंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष हैं। उनके पति संजय टंडन केमिकल इंजीनियर हैं। डॉ नीरू का परिवार अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर कॉनकॉर्ड अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 407 में ही रहता है। जबकि बड़ी बेटी अलका झांसी में रहती है। बाथरूम में बंधक मिली नौकरानी : डॉ नीरू ने बताया कि तीसरी मंजिल फ्लैट में मां के साथ नौकरानी सावित्री सुबह से रात 10रू00 बजे तक रहती थी। आंखों में समस्या के चलते मां को डॉक्टर के पास ले जाना था। सुबह 8रू00 बजे फ्लैट में गई तो दरवाजे में बाहर से कुंडी लगी थी। कुंडी खोलकर वह अंदर गई और मां को पुकारा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस बीच बाथरूम से नौकरानी सावित्री की आवाज आई तो दरवाजा खोलने पर वह बंधक मिली। उसके हाथ–पैर बंधे थे और मुंह रुमाल से कसा था। बंधन खोलने पर सावित्री ने बताया कि रात में दो बदमाश फ्लैट में आ गए थे और उसे बंधक बना लिया था। वह कमरे में पहुंचीं तो मां का शव पड़ा देखकर सन्न रह गईं। मां के भी हाथ पैर बंधे और मुंह कसा था। नौकरानी ने बताया कि,दोनों बदमाश कम उम्र के थे और दोनों ही अपने चेहरे को मास्क से ढके थे और जैकेट पहने हुए थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीणा,ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी,अपर पुलिस आयुक्त नितिन कुलकर्णी, डीसीपी पश्चिम बीबीजीटीएस मूर्ति,डीसीपी क्राइम सलमान ताज पाटिल, एडिशनल डीसीपी पश्चिम बृजेश कुमार श्रीवास्तव,एसीपी स्वरूप नगर बृज नारायण सिंह समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। एडिशनल डीसीपी के मुताबिक मधु कपूर की गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस घटना की पड़ताल कर रही है। नौकरानी हिरासत में : पुलिस के मुताबिक बदमाश रात 10:00 बजे से पहले ही मधु कपूर के फ्लैट में सावित्री रात 10:00 बजे तक ही रुकती थी। हालांकि पुलिस ने सावित्री के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। अपार्टमेंट सीसीटीवी कैमरे से लैस है और बाहर गार्ड भी हैं, ऐसे में किसी बाहरी व्यक्ति का अपार्टमेंट के अंदर आकर वारदात को अंजाम देना संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हत्याकांड में किसी पहचान वाले का शामिल होना भी कहा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सीसीटीवी कैमरे से कुछ क्लू मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक,पुलिस ने पूछताछ के लिए नौकरानी को हिरासत में ले लिया है। वहीं मृतका की बेटी डॉ नीरू की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। रकम और जेवरात के बारे में जानकारी नहीं : प्राथमिक छानबीन में सामने आया है कि मधु कपूर की हत्या लूटपाट के इरादे से ही की गई है,हालांकि अब तक यह नहीं पता चल सका है कि बदमाश क्या लूट कर ले गए हैं। रकम और जेवरात के बारे में बेटी ने जानकारी पुलिस को नहीं दी है। वहीं परिजनों के मुताबिक, रात में कुछ खट–पट की आवाज आने पर छोटी बेटी नीचे फ्लैट के मेन इंट्रेंस तक आई,लेकिन सब कुछ सामान्य लगने पर अपनी माँ के फ्लैट में अंदर नहीं गई।

# सपा ने जनपद सोनभद्र की चारों विधानसभ सीटों पर नामांकन किया



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव ने बुधवार को बताया कि जनपद सोनभद्र की चारों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों ने नामांकन किया जिसमें 400–घोरावल से रमेश चंद दुबे, 401–रावटसगंज से अविनाश कुशवाहा, 402– ओबरा से अरविंद गौड़. 403– दुद्धी से विजय सिंह गौड़ ने नामांकन किया। यादव ने बताया कि नामांकन में जनपद सोनभद्र के चारों विधानसभा के कोने–कोने से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा छोड़ पूर्व ब्लाक प्रमुख चतरा भरत कुशवाहा एवं उनके साथ चंदन, राधे मोहन प्रजापति के साथ दर्जनों लोगों ने सपा की सदस्यता ली और बसपा छोड़कर आनंद खरवार और कांग्रेश छोड़ पूर्व ब्लाक प्रमुख चतरा अशोक सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इसके अलावा घोरावल विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विन्देश्वरी सिंह राठौर ने नामांकन किया। इसके अलावा निर्दल प्रत्याशी के रूप में सरिता सिंह व राजेश कुमार ने नामांकन किया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो बच्चियों समेत चार की मौत

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर इलाके में नेशनल हाइवे पर हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दो बच्चियों समेत चार की मौके पर मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक मौके से भाग गया। बाइक पर 6 लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार पिसावां इलाके के ग्राम मूड़ाकलां निवासी नीरज अपनी पत्नी, तीन बच्चे और साले रोहित के साथ पुरैना रिश्तेदारी में जा रहा था सभी एक बाइक पर सवार थे बाइक रोहित चला रहा था। नेशनल हाइवे पर हेमपुर रेलवे क्रासिंग के पास पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नीरज 35 वर्ष उसका साला रोहित 24 वर्ष तथा बेटियां किरन 3 वर्ष, साधना 5 वर्ष की मौके पर ही ट्रक के नीचे कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि टक्कर लगने के बाद नीरज की पत्नी व बच्चा घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक मौके से निल गया। सूचना मिलते ही महोली कोतवाली,112 व रिछाही चौकी के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। नेशनल हाइवे पर हुए इस सड़क हादसे से लम्बा जाम लग गया। पुलिस ने पहले मौके से शवों को हटावा कर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजवाया। तत्पश्चात काफी मशक्कत के बाद जाम खुलावाया गया। पति व भाई समेत बच्चियों के पड़े शवों को देख नीरज की पत्नी बिलख बिलख कर भगवान को कोस रही थी एक ही झटके में उसका पूरा घर संसार तितर बितर हो गया। बदहवास नाम पता भी सही से नहीं बता पा रही थी। हादसे में उसे व उसके बच्चे को हल्की चोंटे आई। घटना की जानकारी पहुंचे अन्य लोगों ने जानकारी दी। एक दिन पहले 4 लोगों की हुई थी मौतः महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हो गया था। महमूदाबाद सिधौली मार्ग पर बोलेरो और कार में भीषण टक्कर हो गई थी। जिसमें मां बेटी सहित 4 लोगों की मौत हो गई थी।

# मौर्य समाज ने सपा प्रत्याशी को समर्थन देने का किया ऐलान

सेउता,सीतापुर। रेउसा के गोल्डन लान में मौर्य समाज ने बैठक कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू मुख्य अतिथि रहे। जिन्हें सेवता विधानसभा के मौर्य समाज द्वारा समर्थन देने की घोषणा की गयी। कार्यक्रम के आयोजक राजनंदन मौर्य बबलू ने अपने संबोधन में सेवता विधानसभा के मौर्य समाज पर किए गए अत्याचारों पर चर्चा की। कार्यक्रम में भारथा के ग्राम प्रधान संग्राम सिंह व डॉ अरुण मौर्य ने वर्तमान विधायक द्वारा समाज पर किए गए अत्याचारों के बारे में बोलते हुए कहा कि ग्राम प्रधानों को फर्जी मामलों में डरा धमका कर जेल भेजवाने वाले और मौर्य समाज के लोगों को दबाने वाले इस व्यक्ति को हमें बेदखल कर विधानसभा से बाहर भेजना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी महेंद्र कुमार की सिंह झीन बाबू ने मौर्य समाज के सम्मान में सदैव आगे रहने और उनके हितों को ध्यान रखने का वादा किया। उन्होंने शपथ लेते हुए कहा कि वह पहले भी कभी समाज के उत्थान में बाधक नहीं बने हैं और अब भी वह समाज के किसी व्यक्ति को कहीं से दबने व पीडिघ्त होने नहीं देंगे। कार्यक्रम में आए हुए मौर्य समाज के सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी करते हुए झीन बाबू को चुनाव में समर्थन देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजेन्द्र कुमार मौर्य, अनूप मौर्य, इन्द्रमाहेश मौर्य, पूर्व प्रधान, महान दल के जिला कॉर्डिनेटर लक्ष्मी कांत मौर्य, डॉ अरुण मौर्य, पंकज मौर्य, श्रीराम मौर्य, रामविजय, राम निवास, बबलू मौर्य, संग्राम सिंह प्रधान, अवध राम मौर्या, मिश्री लाल, इंद्र महेश मौर्य, दीपू मौर्य, सुरेंद्र मौर्य, शैलेश मौर्य, पुनीत मौर्य, संजय मौर्य सेउता, बीरेंद्र मौर्य, सचिन मौर्य, गजोधर मौर्य, सतेंद्र कुमार मौर्य, नंदलाल मौर्य, उमेश मौर्य सहित मौर्य समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चाचा ने भतीजे को उतारा मौत के घाट

सीतापुर। जिले के पिसावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत में आपसी विवाद में चाचा ने लाठी से पीटकर अपने भतीजे की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम दिलावलपुर निवासी डालसिंह की भैंस किसी तरह छूटकर उसके भाई रूस्तम की भैंस के पास जाकर लडने लगी। लड़ रही भैंसों को छुड़ाने के लिए जब दोनो भाई बाहर आए तो दोनों में विवाद शुरू हो गया विवाद इतना बढ़ा की दोनों भाई एक दूसरे पर लाठियों से प्रहार करने लगे। पिता और चाचा को आपस में लड़ता देख डाल सिंह का पुत्र अमित सिंह 20 वर्ष बीच बराव करने आ गया। रूस्तम सिंह ने उसको लाठियों से पीट दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता द्वारा अपने भाई के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी चाचा के विरूद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# प्यार के परवान में मौसी के पुत्र के साथ किशोरी हो गई फरार

### अपनी प्रेमिका से मिलने अक्सर घर आया करता था युवक

हरदोई।(आरएनएस )अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को ऐसा प्यार का परवान चढ़ा कि वह आपने सगे मौसी के पुत्र के साथ फरार हो गई। वही अरवल पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। अरवल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी अपने सगे मौसी के पुत्र के साथ फरार हो गई। युवक का किशोरी के घर का अक्सर आना–जाना रहता था।बीते 2 फरवरी को युवक किशोरी को बहला–फुसलाकर उसके घर से भगा ले गया। किशोरी की मां की तहरीर पर अरवल पुलिस ने 5 फरवरी को अरवल थाना क्षेत्र के निबियाखेड़ा गांव निवासी आरोपी विनीत के विरुद्ध किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने किशोरी को चौंसार गाँव स्थित गम्भीरी पुल से किशोरी को बरामद कर लिया। सगे मौसी के पुत्र के साथ किशोरी फरार हो गई इस खबर से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं कहीं ना कहीं किशोरी ने रिश्तो को कलंकित कर दिया है ।जबकि आरोपी युवक फरार है। थानाध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि किशोरी को बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया।किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# महिला को मरणासन्न करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरदोई। थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव में खेत से वापस घर आ रही एक महिला को लात घूसों व लाठी–डंडों से मारपीट व गला दबाकर मरणासन्न करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक ,तीन अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।थाना क्षेत्र के पूरनपुर गांव निवासी राम कटोरी 50 पत्नी स्वर्गीय रामनरेश अपने खेत में खड़ी फसल देखने गई थी। तभी गांव के ही लल्लू इंदल, रामानंद,व उसकी पत्नी ने मारपीट की पुरानी रंजिश में गाली गलौज करते हुए लात घूसों व लाठी–डंडों से हमला बोल दिया। आरोपियों ने महिला का गला दबाकर मरणासन्न कर दिया।सूचना पाकर पुलिस ने बेहोशी हालत में महिला को सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर होने पर ऑक्सीजन लगाकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। महिला के बेटे सुखदेव राजपूत की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिला अस्पताल में महिला जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही है। प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक ने बताया कि . घटना में नामजद आरोपी लल्लू को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के दबिश दी जा रही है।

## बसपा प्रत्याशी सतीश वर्मा पर आचार संहिता के उल्लंघन पर मुकदमा दर्ज

हरदोई ।159 विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सतीश वर्मा पर आचार संहिता के उल्लंघन में मुकदमा दर्ज किया गया है। 13 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र के इशरापुर में करीब 1000 व्यक्तियों के साथ मीटिंग होने की सूचना पर उड़नदस्ता प्रभारी फूलचंद्र राज मौके पर पहुंच कर बसपा प्रत्याशी सतीश वर्मा अपने समर्थक नीलू सिंह के घर पर लगभग 500 समर्थकों के साथ जनसभा कर रहे थे, जिसमें जनसभा करने की कोई अनुमति नहीं ली गई थी ।अनुमति ना होने के कारण आचार संहिता के उल्लंघन में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# घायल युवती की उपचार दौरान मौत

सेउता,सीतापुर। थाना रेउसा क्षेत्र में दिन ढले शाम को साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई थी। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया था। जहाँ सभी घायलों का सीएचसी रेउसा में चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें सायकिल सवार थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम चहलारी नई बस्ती निवासी इंद्रावती 18 वर्षीय पुत्री सुभाष अपने भाभी को पुष्पा के साथ में साइकिल से रेउसा दवा लेने जा रही थी। तभी मंशा राम मंदिर बिसवां से मुंडन कराकर महिलाओं व बच्चों से भरी पिकप सायकिल सवार को बचाने के चक्कर में रेउसा बहराइच रोड मारूबेहड़ शुक्ला ढाबे के पास अनियंत्रित होकर खड्डु में पलट गई। जिसमें करीब 14 लोग घायल हो गये थे। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया। जहां साइकिल सवार इंद्रावती की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों न जिला अस्पताल रेफ र कर दिया था। जिसकी जिला अस्पताल में इलाज दौरान सांसे थम गई।

# आपसे हाथ फैलाकर दक्षिणा मांग रहा हूं : दिनेश शर्मा

उन्नाव। उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण एक जाति नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक बेहतर माध्यम है। उन्होंने अपनी पार्टी के बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए काम करने का जिक्र करते हुए यह बात कही। सदर विधानसभा के करोवन में आयोजित चुनाव सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने 'जातिवादी होने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना की। करोवन में, भाजपा उम्मीदवार पंकज गुप्ता के लिए प्रचार करते हुए शर्मा ने कहा कि वह विधानसभा चुनाव से पहले पूरे राज्य की यात्रा कर रहे हैं और उनसे ब्राह्मणवाद पर उनके विचार और जातिवाद पर पार्टी का रुख अक्सर पूछा जाता है। किसी ने ब्राह्मण पर मेरा विचार जानना चाहा, मैंने कहा कि भाजपा 'सबका साथ सबका विकास चाहती है। हर जाति का अपना महत्व है और यही कारण है कि हमारे पास सभी जातियों का समर्थन है। लेकिन जब मैं ब्राह्मणवाद से जोड़ा जाता हूं तो मैं कहता हूं कि हां, मैं एक ब्राह्मण हूं और मुझे इस पर गर्व है। मेरे पिताजी और मेरे बाबा पंडिताई करते थे। मैं यूनिवर्सिटी में अध्यापक हूं। आजकल लोग ब्राह्मण ब्राह्मण करके उसे जाति में बांट रहे हैं। ब्राह्मण एक जाति नहीं है बल्कि यह एक श्रेष्ठ जीवन जीने की विधा है। शर्मा ने कहा कि एक ब्राह्मण का कार्य सर्वे भवन्तु सुखिनः है। जो दूसरों की खुशी में खुशी महसूस करता है। उन्होंने कहा कि पहले, सिर्फ शिक्षकों को ही ब्राह्मण कहा जाता था क्योंकि वे लोगों के कल्याण के लिए काम करते थे और सभी जातियां उन्हें देवता समान मानती थीं। तो यह नयी जाति कहां से आई? दिनेश शर्मा ने आगे कहा कि आज पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी धर्म एवं संस्कृत की बात कर रही है।भारत की संस्कृति एवं संस्कार का प्रतिपादन, रक्षा एवं सुरक्षा भाजपा ही कर सकती है अन्य राजनीतिक दल नहीं। प्रदेश में चल रहा चुनाव विकास, संस्कृति व संस्कार की सुरक्षा का है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा के अंतर्गत निकलने वाली कांवरिया यात्रा का पिछली सरकारों में क्या हाल हुआ यह आपसे नहीं छुपा है। सपा सरकार के साथ बैठने वाले अराजक तत्व इन काँवरिया यात्राओं पर पत्थर बरसाते थे और जब यह काँवरिये अस्पताल से इलाज करा कर के बाहर निकालते थे तो दंगाइयों के नाम पर इन्हें जेल भेज दिया जाता था। आज इनको रक्षा एवं सुरक्षा प्रदान कर भाजपा ने पुरातन संस्कृति को संरक्षित करने का काम किया है। राम को काल्पनिक बताने वाले आज राम मंदिर स्वयं बनता देख रहे है। काशी में गंगा नहाते हुए प्रधानमंत्री को देखना भारतीय संस्कृत की धारणा को और मजबूत कर देता है। मंच पर दिनेश शर्मा ने अपने भाषण में पंकज गुप्ता के अतिरिक्त विमला कुरील, बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला, शेखर दुबे, विजय त्रिपाठी समेत कई लोगो के लिए नाम लिये ।अपने भाषण की शरुवात उन्होंने उन्नाव के इतिहास में अमर हो जाने वाले सूर्यकांत त्रिपाठी, लवकुश, बाल्मीकि जी, मां चंद्रिका देवी धाम, गुलाब सिंह लोधी, राजा राव राम बक्श सिंह, शिव मंगल सुमन, रमई काका का नाम लेकर की। इस बार शेखर दुबे का भी साथ मिल गया है। आप सभी इस बार की दक्षिणा दीजिए, आपसे हाथ फैलाकर दक्षिणा मांग रहा हूँकि आगामी 23 मार्च को कमल के निशान पर बटन दबाकर जीत दिलाकर दक्षिणा दें। कार्यक्रम में वरिष्ठ बसपा नेता शेखर दुबे, जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ सिंह,नीरज भाई प्रधान पिपर खेड़ा,अमित सिंह बऊवा सभासद आदि ने भाजपा की सदस्यता ली। जनसभा में जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, मिथिलेश यादव,जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह,के डी त्रिवेदी, बिपिन मिश्र, अनुराग अवस्थी, गोल्डी गुप्ता, भानु मिश्र,सुशील तिवारी,सुरेंद्र जायसवाल,विजय द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

## हादसों को दावत देती नहर की एक तरफ रेलिंग विहीन पुलिया

हरदोई।(आरएनएस ) कछौना से गौसगंज मार्ग पर डबल नहर की बनी कलौली पुल की रैली एक तरफ टूट चुकी है। इसके चलते तीव्र मोड होने के कारण आए दिन हादसे होते हैं। जिसका खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है। बतातें चलें, कछौना से गौसगंज मार्ग पर कलौली डबल नहर की पुलिया बनी है। यहां पर तीव्र मोड़ है। जिनमें से एक नहर में पानी बहता है, दूसरी हमेशा सूखी रहती है। जिसकी एक तरफ पुलिया की रेलिंग पूरी तरह टूट चुकी है। जिसकी ईंटे भी गायब है। तीव्र मोड़ होने के कारण आए दिन बाउंड्री (रेलिंग) न होने के कारण सीधे नहर में गिरते हैं। पुलिया की बाउंड्री (रेलिंग) बिल्कुल उखड़ गई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों राहगीरों का आवागमन रहता है। स्कूलों की बसें, ट्रैक्टर ट्राली, टेंपो, बसे, एंबुलेंस गुजरती हैं। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते कोई न कोई राहगीर प्रतिदिन चुटहिल होता रहता है। विभागीय अधिकारियों की शिथिलता के चलते प्रतिदिन दुर्घटना होने से लोगों में काफी आक्रोश है।

### एक पहल एक किरण द्वारा पुलवामा हमले की बरसी पर शहीदों को गया याद

हरदोई(आरएनएस ) ।बालामऊ में पंचायत भवन परिसर में स्थित अशोक स्तम्भ पर पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक पहल एक किरण सेवा समिति के स्वयंसेवकों ने भाग लिया व पूरे गाँव में लगभग दो दर्जन युवाओं ने कैण्डिल मार्च किया। जिसमें नम आंखों से जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष आशीष पटेल अंशुल ने बताया कि भले ही पुलवामा हमले में शहीद मां भारती के वीर सपूत हम सबके बीच में नहीं हैं परंतु करोड़ों युवाओं के दिलों में हमेशा अमर रहेंगे। समिति के कोषाध्यक्ष सत्यम पटेल ने बताया की हम सब युवा मिलकर समय–समय पर कार्यक्रमों के जरिए सीमा पर खड़े वीर सपूतों को याद दिलाते रहें कि वे अकेले नहीं भारत का हर एक युवा उनके साथ खड़ा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के संस्थापकध्अध्यक्ष आशीष पटेल अंशुल,कोषाध्यक्ष सत्यम पटेल, संस्थापक सदस्य सुधांशु दिवाकर, महामंत्री कपिल कुमार गौरव,संरक्षक राघवेंद्र त्रिपाठी जी,अनुज दिवाकर, अजीत दिवाकर मोनू, अभय चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र सक्सेना, सौमो पटेल, मो आजाद, अजय सक्सेना, राकेश कुमार काका आदि प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

# भरत मुनि की स्मृति में संपन्न हुई काव्य गोष्ठी

बिसवां नगर,सीतापुर। संस्कार भारती बिसवां इकाई द्वारा एडवोकेट अश्विनी त्रिपाठी के आवास पर नाट्य शास्त्र जिसे पंचम वेद कहा जाता है के प्रणेता भरत मुनि की स्मृति में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य व आशु कवि कमलेश मौर्य मृदु रहे। अध्यक्षता कवि रामकुमार सुरत ने की स्वागत संस्था के अध्यक्ष भगवत शरण श्रीवास्तव ने किया तथा संचालन संस्था के मंत्री घनश्याम शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन व शिवानंद दीक्षित द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के साथ हुआ। साथ ही मास में एक कवि को सम्मानित करने की परंपरा में मक्खन लाल नन्हीं देवी खेतान सेवा समिति के अध्यक्ष शिव कुमार खेतान ने कवि राम कुमार सुरत को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर के सम्मानित किया। आशु कवि कमलेश मौर्य मृदु ने कहा कि भरत मुनि ने नाट्य शास्त्र के माध्यम से समाज में भावनाओं को कैसे संप्रेषित किया जाये। उसका विस्तार से वर्णन करके एक नयी पहल की। काव्य गोष्ठी में कवि रामदयाल धुरिया, कवि आनन्द खत्री, आनंद शिवानंद दीक्षित, नैमिष सिंह, हरिशंकर मौर्य, अमोद मिश्र ने अपनी काव्य रचनाओं से सभी को आक्षादित किया। सभा में समाजसेवी रवीन्द्र नाथ मिश्र व इंजी आरके वर्मा ने भी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कार्यक्रम संयोजक अश्वनी त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अनाथ बच्ची को मिला एसएनसीयू का साथ

जौनपुर। जिला अस्पताल की सिक न्यू बार्न केयर यूनिट नवजात को जीवन देने का काम कर रही है । समय से पहले जन्म लेने वाले या कम वजन के नवजात को स्वस्थ बनाने में यह यूनिट बड़ी भूमिका निभा रही है ।इसी तरह की एक लावारिस नवजात को गत 11 फरवरी को यहाँ लाया गया था, जिसकी स्थिति नाजुक थी लेकिन यूनिट के सभी कर्मचारियों के प्रयास से अब वह सामान्य स्थिति में पहुँच गई है । इससे दो दिन पहले भी इसी तरह की एक और बच्ची को स्वस्थ बनाकर चाइल्डलाइन के माध्यम से बाल कल्याण समिति को सौंपा गया है। एसएनसीयू का पूरा स्टाफ इन दिनों 11 फरवरी को आई बच्ची पर प्यार लुटा रहा है। उस बच्ची को सब प्यार से परी बुलाते हैं द्य वहां की स्टाफ नर्स प्रतिभा पांडे बताती हैं कि 11 फरवरी को आई बच्ची बहुत ही प्यारी है। स्टाफ नर्स से लेकर सारा स्टाफ अपनी जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही उसका ख्याल रखते हैं। एसएनसीयू के नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप सिंह ने बताया कि एक नवजात बच्ची गत 20 जनवरी को जलालपुर में एक नहर के पास तथा दूसरा नवजात 29 जनवरी को खुटहन ब्लॉक के उंगली गांव में लावारिस हालत में मिले थे। इनमें से जलालपुर से मिली बच्ची स्वस्थ घोषित होने के बाद नौ फरवरी को चाइल्ड लाइन को सौंप दी गई। उसके जाने के दो दिन बाद 11 फरवरी को डोभी ब्लॉक के रामदत्तपुर में चाइल्ड लाइन को लावारिस हालत में एक बच्ची मिली। इस समय एसएनसीयू में इस बच्ची की तथा 29 जनवरी को मिले नवजात की परवरिश चल रही है। उन्हें दूध पिलाने, मालिश करने के लिए सभी की जिम्मेदारी तय है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में एसएनसीयू खुलने से लेकर आज तक 30 से ज्यादा ऐसे नवजात लाए गए जिनके माता–पिता का पता नहीं था। लावारिस हालत में आने वाले ज्यादातर नवजात यहां पर चाइल्ड लाइन के माध्यम से लाए जाते हैं। यहां पर लाए जाने के बाद ऐसे बच्चों के इलाज से लेकर कपड़ा और दूध सभी का खर्च एसएनसीयू ही उठाता है। ऐसे एक नवजात की परवरिस में प्रतिदिन औसतन 150 से 200 रुपये तक का खर्च आता है। स्वस्थ हो जाने पर बाल संरक्षण गृह से सम्पर्क कर इन्हें बाल संरक्षण अधिकारी को सौंप दिया जाता है। जहां से वह बाल संरक्षण गृह बलिया आदि अन्य जगहों पर अच्छे स्वास्थ्य एवं जीवन प्रबंधन के लिए भेज दिए जाते हैं।

# नहर में बहती मिली गायब युवती की लाश

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के बासूपुर गांव के पास नहर में सुबह एक महिला की लाश पायी गयी, जिसकी पहचान विगत 9 फरवरी को बच्चे के साथ मायके से गायब होने वाली विवाहिता संगीता के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। सरपतहां थाना क्षेत्र के गैरवाह गांव निवासी राकेश प्रजापति की विवाहिता पत्नी संगीता अपने दो वर्षीय पुत्र अयांश के साथ क्षेत्र के सुइथाकला नरियवां गांव स्थित मायके में लगभग आठ महीनें से रह रही थी,जो पुत्र के साथ पिछले बुधवार से मायके से लापता हो गई थी। खोजबीन के दौरान उसी दिन पुत्र अयांश का शव खुटहन थाना क्षेत्र के सुइथाखुर्द गांव के पास नहर में पाया गया,जबकि विवाहिता का कोई सुराग नहीं लग सका था।इधर पुलिस आत्महत्या मानकर मामले में छानबीन कर रही थी।. .सुबह क्षेत्र के बासूपुर गांव के पास नहर में महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।फिलहाल गुमशुदा मां बेटे की मौत के कारणों पता अभी तक नहीं चल सका है।

# बेटी की पुण्यतिथि पर गरीबों में वितरित किया कंबल

मिल्कीपुर–अयोध्या। तहसील मिल्कीपुर क्षेत्र के रौना पूरे नोखई मिश्र बसवार कलां में अंशू मिश्रा की छठवीं पुण्य तिथि पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेवानिवृत्त प्रवक्ता डॉ रामनाथ मिश्रा ने अपनी पुत्री की छठवी पुण्यतिथि के अवसर पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 225 गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राम नाथ मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अंदर दया धर्म होना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को अपनी कमाई का एक हिस्सा दान पुण्य कर्मों में खर्च करना चाहिए। जिससे कि दीनों असहाय और गरीबों की मदद हो सके । इस कार्यक्रम में जगजीवन प्रसाद मिश्रा पूर्व सहायक विकास अधिकारी, पूर्व उपमंडलीय अभियंता, डॉक्टर प्रेम प्रकाश मिश्रा होम्योपैथी चिकित्सक, चिकित्सक डॉ वेदप्रकाश मिश्रा प्रभारी चिकित्सा प्रभारी भादर, पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक दूरसंचार विजय प्रकाश मिश्र, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी भादर डॉ अजय कुमार मिश्रा ,सुमन मिश्रा,पार्थ मिश्रा खुशी मिश्रा नीतू मिश्रा सुमन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# स्वास्थ्य के लिए परेशानी का कारण बन सकता है गाजर का अधिक सेवन



गाजर कई तरह के विटामिन्स और मिनरल का बेहतरीन स्रोत हैं, जिस वजह से इसको स्वस्थ आहार की श्रेणी में शामिल किया जाता है। हो सकता है कि इसी वजह से आपकी डाइट में भी गाजर शामिल हो, लेकिन अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो यह आपके शरीर को कई तरह की समस्याओं से घेर सकता है। आइए जानते हैं कि गाजर के अधिक सेवन से आपको किन–किन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

त्वचा पर हो सकती है एलर्जी

वैसे तो गाजर का सेवन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि यह त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ–साथ विटामिन– सी भी प्रदान करता है। हालांकि, अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो गाजर से त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंच सकता है। बता दें कि गाजर के अधिक सेवन से त्वचा पर सूजन, खुजली और रैशेज आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गाजर का सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करें।

कब्ज होना

गाजर का अधिक सेवन पाचन तंत्र के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है क्योंकि पाचन तंत्र गाजर की अधिक मात्रा को सही ढंग से पचाने में असमर्थ रहता है। इसके कारण व्यक्ति को कब्ज की समस्या होने की अधिक संभावना रहती है। इसके अलावा, इसकी वजह से गैस और पेट दर्द जैसी कई तरह की समस्याओं से भी जूझना पड़ सकता है। इसलिए भूल से भी गाजर का अधिक सेवन न करें।

प्रभावित हो सकता है त्वचा का रंग

गाजर बीटा–कैरोटीन से समृद्ध होती है, जिससे शरीर को कई लाभ मिल सकते हैं, लेकिन अगर आप गाजर का अधिक सेवन करते हैं तो शरीर में इसकी मात्रा भी बढ़ जाती है। इसके कारण त्वचा का रंग नारंगी दिखाई देने लगता है। बता दें कि एक मध्यमाकार गाजर में लगभग चार मिलीग्राम बीटा–कैरोटीन मौजूद होता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप सीमित मात्रा में ही गाजर का सेवन करें।

हो सकता है डायरिया

गाजर में फाइबर की अच्छी खासी मात्रा मौजूद होती है, लेकिन जब आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो शरीर में फाइबर भी ज्यादा हो जाता है, जिसके कारण आपको डायरिया की समस्या या फिर कई तरह अन्य पाचन संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वैसे ये समस्याएं किसी और वजह से भी हो सकती हैं, इसलिए ऐसा कुछ होने पर डॉक्टरी जांच को प्राथमिकता दें। वहीं, डाइट में सीमित मात्रा में गाजर को शामिल करें।

गाजर कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होती है, जो शरीर के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं और न्यूट्रीशियनिस्ट की मानें तो एक दिन में चार से पांच गाजर का सेवन ही लाभदायक है।

# अपनी पहली ही मूवी से पहचान बना चुकी है इशिता राज शर्मा

इशिता सोशल मीडिया पर बहुत अधिक पॉपुलर हैं. उनकी फोटोज भी हमेशा ही सुखिर्ध्यों में बनी रहती है. वो हमेशा ही अपने इंस्टाग्राम से अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें साझा करती रहती हैं. रिपोर्ट्स के अनुसार इशिता राज शर्मा को बॉलीवुड में उनकी



पहली मूवी से ही पहचान मिल चुकी है. उन्होंने श्प्यार का पंचनामाय में एक दमदार और बोल्ड रोल भी प्ले किया था. जिसके साथ उन्हें बॉलीवुड में एक बाद एक कई मूवीज में काम भी किया. सभी फिल्मों में उनके हॉट अवतार की अधिक चर्चाएं हुईं. उन्होंने अपनी पढ़ाई दिल्ली में पूरी की और बाद में वो इंग्लैंड में पूरी की. फिर वो भारत लौटी और बॉलीवुड मूवीज में अपना लक आजमाया. खघ्बरों की माने तो इशिता सोशल मीडिया पर बहुत अधिक पॉपुलर हैं. उनकी फोटोज को भी बहुत ही ज्यादा पसंद किया जा रहा है. वो हमेशा अपने इंस्टाग्राम से अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें भी साझा कर रही है. इशिता ने मूवी श्प्यार का पंचनामाय के बाद मेरठिया गैंगस्टर्स में भी नजर आ चुकी है. फर उन्हें लव रंजन की श्प्यार का पंचनामा 2य में भी काम करने का अवसर भी मिला था. वो इसके बाद श्सोनू की टीटू की स्वीटीय में दिखाई दी. हम बता दें कि उन्हें आखिरी बार श्जय मम्मी दीय में एक गेस्ट रोल करते हुए भी देखा जा चुका है. जिसके उपरांत वो किसी फिल्म में दिखाई नहीं दी. लेकिन सोशल मीडिया पर वो अपने फैंस के लिए अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं. उनकी इन तस्वीरों पर खूब लाइक्स और कमेंट्स भी आते हैं.




# आमने–सामने आए अक्षय–टाइगर, किया बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज डेट का ऐलान



अक्षय कुमार हमेशा की तरह इस साल भी बेहद व्यस्त रहने वाले हैं। उनकी कुछ फिल्में रिलीज होने की कगार पर हैं तो कुछ की वह शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बड़े मियां छोटे मियां भी अक्षय की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। यह इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए अक्षय पहली बाद पर्दे पर टाइगर श्रॉफ के साथ दिखेंगे। अब उनकी इस फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। फिल्म का टीजर शेयर कर अक्षय ने टाइगर को चुनौती दी। उन्होंने लिखा, जिस साल तुमने इस दुनिया में कदम रखा, मैं फिल्मों में आ चुका था। फिर भी मुकाबला करोगे छोटे मियां? चल फिर हो जाए फुल–ऑन एक्शन। इसी टीजर को शेयर कर टाइगर ने लिखा, डबल एक्शन, डबल धमाका। बड़े मियां तैयार हो? तो खिलाडियों की तरह दिखाइए हीरोपंती। इसी के साथ दोनों ने बताया कि फिल्म बड़े मियां छोटे मियां अगले साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। टीजर की शुरुआत एक एक्शन दृश्य के साथ होती है, अक्षय और टाइगर बंदूक, मार्शल आर्ट स्किल्स से दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। तभी वे दोनों एक–दूसरे से टकरा जाते हैं। टाइगर कहते हैं कि वह अपनी फिल्म छोटे मियां का प्रमोशन करने आए हैं तो अक्षय ने कहा कि वह बड़े मियां को प्रमोट कर रहे हैं। टीजर के बैकग्राउंड में आप 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के टाइटल ट्रैक की धुन सुन सकते हैं। बड़े मियां छोटे मियां में अमिताभ बच्चन और गोविंदा की जोड़ी खूब पसंद की गई थी। इसमें रवीना टंडन, रम्या कृष्णा, परेश रावल, अनुपम खेर और शरद सक्सेना ने भी अहम किरदार निभाए। हालांकि, अक्षय–टाइगर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का रीमेक नहीं है। पूजा एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत बन रही इस फिल्म को वाशु भागनानी, दीपशिखा देशमुख, विक्की भागनानी, अली अब्बास जफर और हिमांशु किशन मेहरा प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर रहे हैं। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी। निर्माताओं का दावा है कि यह बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। भारी–भरकम बजट में बन रही इस फिल्म में श्रद्धा कपूर को कास्ट करने की भी खबरें हैं। अक्षय फिल्म पृथ्वीराज में मुख्य भूमिका में हैं। उन्हें फिल्म राम सेतु में जैकलीन फर्नांडिस व नुसरत भरूचा के साथ देखा जाएगा। वह फिल्म बच्चन पांडे और रक्षाबंधन में भी दिखने वाले हैं। फिल्म ओह माय गॉड 2 और राउडी राठौर 2 भी अक्षय के खाते से जुड़ी है। दूसरी तरफ टाइगर जल्द ही फिल्म हीरोपंती 2 में दिखाई देंगे। वह फिल्म गणपत को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसके अलावा टाइगर बागी 4 में भी दमदार एक्शन करते दिखेंगे।

# निविन पॉली–स्टारर महावीर का फर्स्ट–लुक पोस्टर जारी



निर्देशक अब्रिड शाइन की महावीर का फर्स्ट–लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें अभिनेता निविन पॉली और आसिफ अली मुख्य भूमिका में हैं। प्रसिद्ध लेखक एम. मुकुंदन की कहानी पर आधारित, महावीर की थीम कल्पना, समय यात्रा, कानून की किताबों और कानूनी कार्यवाही के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म का निर्माण संयुक्त रूप से निविन पॉली ने अपने होम बैनर पॉली जूनियर पिक्च र्स के तहत और पी एस शमनास ने इंडियन मूवी मेकर्स के बैनर तले किया है। लेखक एम मुकुंदन ने कोचीन में आयोजित एक समारोह में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया। इस अवसर पर पटकथा लेखक और निर्देशक अब्रिद शाइन, अभिनेता आसिफ अली, शानवी श्रीवास्तव और सह–निर्माता पी एस शमनास मौजूद थे। व्यावसायिक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों 1983 और एक्शन हीरो बीजू के बाद महावीर तीसरी बार है, जब निविन पॉली और एब्रिड शाइन एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म लगभग एक दशक के बाद निविन पॉली और आसिफ अली के एक साथ आने का भी प्रतीक है। बड़े बजट पर बनाई जा रही इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान और केरल में व्यापक शेड्यूल में प्रचलित महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच की गई थी। एब्रिड शाइन द्वारा लिखित, फिल्म में लाल, लालू एलेक्स, सिद्दीकी, शानवी श्रीवास्तव, विजय मेनन, मेजर रवि, मल्लिका सुकुमारन, कृष्ण प्रसाद और कलाभवन प्रजोद भी शामिल हैं। चंद्रू सेल्वराज फिल्म के सिनेमैटोग्राफर हैं, जिसका संगीत ईशान छाबड़ा ने दिया है और संपादन मनोज ने किया है।

# बालों के लिए फायदेमंद है सेब का सिरका, ऐसे अपने हेयर केयर रूटीन में करें शामिल



बालों को खूबसूरत बनाने की चाह में लोग न जाने कितने केमिकल्स युक्त प्रोडक्ट्स को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना लेते हैं, लेकिन इनसे बालों को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप अपने बालों को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखना चाहते हैं तो इसके लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करना बेहतरीन है। आइए जानते हैं कि सेब के सिरके को किन तरीकों से हेयर केयर रूटीन में शामिल करके आप इसके भरपूर फायदे पा सकते हैं।

सेब के सिरके का हेयर सीरम बनाकर करें इस्तेमालः इसके लिए एक ड्रॉपर वाली बोतल में एक चौथाई कप सेब का सिरका, दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल, ढाई चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच विटामिन–ई ऑयल डालें और बोतल को बंद करके अच्छी तरह से हिलाएं ताकि सारी सामग्रियां अच्छे से मिल जाएं। ऐसे सेब के सिरके का हेयर सीरम तैयार हो जाएगा। आप चाहें तो इसमें सुगंध लाने के लिए अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं।

बतौर हेयर कंडीशनर करें इस्तेमालः आप चाहें तो सेब के सिरके की मदद से नैचुरल हेयर कंडीशनर तैयार कर सकते हैं। बस इसके लिए आपको एक कटोरी में एक कप पानी के साथ दो बड़ी चम्मच सेब के सिरके को अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण से अपने बालों को धोकर शैंपू से धो लें। इसके बाद ठंडे पानी से एक बार फिर बाल धो लें। इस मिश्रण के इस्तेमाल से बाल नैचुरल तरीके से मजबूत और सिल्की होते हैं।

बालों को पोषित करने का कर सकता है कामः सेब के सिरके के हेयर मास्क से बालों को पोषित करने में काफी मदद मिल सकती है। अगर आपके बाल तैलीय प्रकार के हैं तो सेब के सिरके के साथ दही को मिलाकर इसे सिर पर अच्छे से लगाएं और लगभग 30 से 40 मिनट के बाद सिर को पानी से धो लें। वहीं, अगर आपके बाल रूखे प्रकार के हैं तो सेब के सिरके और बादाम के तेल का हेयर मास्क बनाकर उसका इस्तेमाल करें।

स्कैल्प के लिए है कारगरः सेब के सिरके के इस्तेमाल से न सिर्फ स्कैल्प के तैलीय प्रभाव को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है बल्कि इसके एंटी–सेप्टिक और रोगाणुरोधी गुण रूसी और स्कैल्प के दानों को भी कम कर सकते हैं। ये लाभ पाने के लिए एक कटोरी में एक चम्मच सेब का सिरका और दो चम्मच गुनगुना एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल मिलाएं, फिर इसे अच्छे से बालों में लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें।